卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केंद्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 350 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) ♦शुक्रवार ♦26 सितम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## चतुर्थ नवरात्र




नवरात्र के चौथे दिन मां दुर्गा के कूष्माण्डा स्वरूप की पजा की जाती है। इनकी आराधना के बिना जप व ध्यान सम्पूर्ण नहीं होते।

# देहरादून में लगे 'आजादी' के नारे

## पेपर लीक को लेकर बेरोजगार संगठन के आंदोलन में वामपंथी टूलकिट्स की एंट्री

देहरादून(उद संवाददाता)। राजधानी देहरादून का परेड ग्राउंड इन दिनों पेपर लीक प्रकरण को लेकर बेरोजगार युवाओं के आंदोलन का केंद्र बना हुआ है। लेकिन इस आंदोलन में अब नए रंग दिखने लगे हैं। आंदोलन के दौरान अचानक मंच पर युवाओं ने "हम छीन के लेंगे आजादी" जैसे नारे लगाए, जिसने पूरे आंदोलन को नई बहसों में घेर दिया है। राजनीतिक हलकों में सवाल उठ रहे हैं कि क्या यह आंदोलन अब केवल बेरोजगारी तक सीमित नहीं रहा? आंदोलनकारियों के बीच ऐसे चेहरे दिखाई दे रहे हैं, जिन पर आरोप है कि वे जेएनयू, जामिया और शाहीन बाग जैसी जगहों पर भी सक्रिय रहे हैं। यही वजह है कि इस पूरे घटनाक्रम को 'वामपंथी टूलकिट्स' की एंट्री बताया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि इन नए चेहरों को कांग्रेस का बैक सपोर्ट मिला हुआ है। आरोप है कि इन्हें राज्य में



सरकार विरोधी माहौल बनाने के लिए लाया गया है। खासकर 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले युवाओं को सड़क पर उतारने की कोशिश हो रही है। गौरतलब है कि पूर्व में बेरोजगारों के लिए आंदोलन की शुरुआत बॉबी पंवार और उनके साथियों ने बेरोजगार संघ के बैनर तले की थी। बाद में यह आंदोलन 'उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा' के रूप में सामने आया। शुरू में यह आंदोलन पूरी तरह स्थानीय बेरोजगारों का था, लेकिन अब इसमें लेफ्ट विचारधारा से जुड़े पत्रकार, छात्र और संगठन भी शामिल हो गए हैं। सूत्र बताते हैं कि आंदोलन के दौरान भगवा झंडे का विरोध भी किया गया। यहां तक कि ऐसे झंडे लेकर आने वालों को गांवों में न घुसने देने की अपील भी मंच से की गई। इसे लेकर हिंदुत्ववादी संगठनों ने कड़ी नाराजगी जताई है। पेपर लीक प्रकरण में खालिद मलिक और उसकी बहन साबिया के नाम सामने आने के बाद बीजेपी ने इसे 'नकल जिहाद' बताया था। इसके बाद आंदोलनकारियों के बीच बेचौनी और ज्यादा बढ़ी। जानकारी सामने आ रही है कि आंदोलन कारियों में बड़ी संख्या में मुस्लिम युवक-युवतियां भी शामिल हैं। विश्लेषकों का मानना है कि वामपंथी टूलकिट्स का एजेंडा हमेशा से बीजेपी शासित राज्यों में आंदोलन खड़ा करके (शेष पृष्ठ 7पर)

## आरोपी खालिद की संपत्ति पर गरजा धामी का बुलडोजर

देहरादून/हरिद्वार। यूकेएसएस एससी परीक्षा में नकल के आरोपी खालिद पर सरकार का बुलडोजर चला। लक्सर तहसील के सुल्तानपुर कस्बे में आरोपी द्वारा



अतिक्रमण कर बनाई गई दुकान को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस कार्रवाई के जरिए स्पष्ट संदेश दिया है कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो भी इस मामले में शामिल पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।सरकार ने इस प्रकरण में लापरवाही पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की है। सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में (शेष पृष्ठ सात पर)

## बेरोजगारों का धरना जारी,कांग्रेसी भी धरने पर

देहरादून। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) की स्नातक स्तरीय परीक्षा मामले में बेरोजगारों का धरना शुक्रवार को जारी रहा। इस दौरान युवाओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाये और पेपर निरस्त करने एवं सीबीआई जांच की पुरजोर मांग की। उधर कांग्रेसियों ने पेपर लीक के खिलाफ गांधी पार्क में धरना दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन



माहरा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने धरना देते हुए युवाओं की लड़ाई को पूर्ण समर्थन देने का भरोसा दिलाया और कहा कि हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में सीबीआई जांच की मांग पूरी नहीं होने तक यह संघर्ष जारी रहेगा। वहीं उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) की स्नातक स्तरीय परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में बेरोजगारों का धरना जारी है। मामले में सेक्टर मजिस्ट्रेट केएन तिवारी, असिस्टेंट प्रोफेसर सुमन समेत दरोगा व सिपाही को निलंबित कर दिया गया है। शासन ने राजकीय महाविद्यालय अगरोड़ा टिहरी में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर सुमन को भी निलंबित कर उच्च शिक्षा निदेशालय हल्द्वानी संबद्ध कर दिया है।उधर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि वे बेरोजगार युवाओं को कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा व पूरी पार्टी का पूर्ण समर्थन देने धरना स्थल पर पहुंचे हैं। कहा कि कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता और शीर्ष नेतृत्व प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के साथ मजबूती से खड़ा(शेष पृष्ठ सात पर)

## आईपीएस रचिता जुयाल का इस्तीफा मंजूर

देहरादून (उद संवाददाता)।भारतीय पुलिस सेवा की अधिकारी रचिता जुयाल का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है।



उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) की अर्जी लगाई थी। उत्तराखंड कैडर की आईपीएस रचिता 2015 बैच की (शेष पृष्ठ सात पर)

# डबल इंजन सरकार व्यापारियों को देगी दीपावली का बड़ा तोहफा

## काशीपुर बाईपास के व्यापारियों को मिल सकती है राहत,73 की जगह 60-60 फीट सड़क चौड़ी करने की तैयारी

रुद्रपुर। काशीपुर बायपास रोड पर वर्षों से संकट बने दुकानदारों और व्यापारियों के लिए राहत की बड़ी खबर सामने आई है। डबल इंजन सरकार की सक्रियता के प्रयासों से अब दीपावली पर व्यापारियों को बड़ा तोहफा मिलने जा रहा है। प्रशासन ने हाईकोर्ट के आदेशों के आधार पर दोनों तरफ 73 से 75 फीट चौड़ीकरण के लिए दोनों तरफ अतिक्रमण तोड़ने के लिए निशान लगाए हैं। जिसके चलते सड़क किनारे स्थित अधिकांश दुकानें टूटने की कगार पर पहुंच गई थीं। लेकिन अब महापौर विकास शर्मा और विधायक शिव अरोड़ा की लगातार पहल के बाद इस चौड़ीकरण को घटाकर दोनों ओर 60-60 फीट करने पर सहमति बनाई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक इस विषय पर हाल ही में महापौर विकास शर्मा और विधायक शिव अरोड़ा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर व्यापारियों की परेशानियों से अवगत कराया। उन्होंने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई




कि यदि 73 फुट के हिसाब से चौड़ीकरण किया गया तो काशीपुर बायपास पर बसी अधिकांश दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान पूरी तरह उजड़ जाएंगे। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पुनर्विचार करने के निर्देश दिए। इसके बाद कल महापौर विकास शर्मा और विधायक शिव अरोड़ा की जिलाधिकारी, एडीएम, एसडीएम ,एमएनए,उप नगर आयुक्त सहित प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बैठक हुई। बैठक में गहन मंथन के बाद निर्णय लिया गया कि हाईकोर्ट के आदेशों का सम्मान करते हुए एक रिव्यू पिटीशन दायर किया जाएगा और कानूनी रूप से सड़क चौड़ीकरण को दोनों ओर 60 फीट तक सीमित करने का प्रयास किया जाएगा। प्रशासन और सरकार के इस निर्णय से बायपास के व्यापारियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। गौरतलब है कि लंबे समय से व्यापारियों में भय और असमंजस का माहौल था। हाईकोर्ट के आदेशों के आधार पर लगाए गए लाल निशान देखकर व्यापारी अपने भविष्य को लेकर चिंतित थे। लेकिन अब सरकार की (शेष पृष्ठ सात पर)

## साईबर ठगों ने व्यापारी के खाते से उड़ाये 6.09 लाख

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर के एक व्यापारी के खाते से अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी कर छह लाख से अधिक की रकम निकाल ली गई। घटना का खुलासा तब हुआ जब खाता धारक ने बैलेंस जांचा और उसमें भारी कमी पाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवास विकास कॉलोनी किच्छा निवासी सुशील कुमार पुत्र स्व. अशोक कुमार ने कोतवाली किच्छा में तहरीर देते हुए बताया कि वह न्यू इन्दौर अमृतसर रोड लाइन्स नामक फर्म के स्वामी हैं। उनकी फर्म का खाता एचडीएफसी बैंक, रुद्रपुर शाखा में संचालित है। सुशील कुमार के अनुसार 23 सितंबर 2025 को उनके खाते से अलग-अलग नौ बार में कुल 6,09,223.78 की रकम निकाल ली गई। निकाले गए पैसों में 200, 34,003.54 और सात बार लगभग 95,003.54 की रकम सहित एक बार 4,999 निकाले जाने का उल्लेख है। पीड़ित ने बताया कि सबसे हैरानी की बात यह रही कि खाते से रकम कटने का कोई भी मैसेज उन्हें प्राप्त नहीं हुआ। उन्होंने आशंका जताई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने साइबर धोखाधड़ी कर उनके खाते से यह रकम हड़प ली है। व्यापारी ने पुलिस से प्रकरण की (शेष पृष्ठ सात पर)

## बेकाबू कार की टक्कर से बाईक सवार महिला की मौत

रुद्रपुर/ गदरपुर (उद संवाददाता)। गुरूवार की सायं करतारपुर मोड़ पर कार की टक्कर से बाईक सवार एक महिला की मौत हो गई। जबकि बाईक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। जानकारी मिलने पर पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं मृतका के परिजनों ने



चिकित्सकों पर उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार ग्राम अमरपुरी गुमचैया निवासी 35 वर्षीय सुरजीत कौर पत्नी देवेन्द्र सिंह यहां ग्राम बागवाला में स्थित एक फैक्ट्री में काम करती थी। उसका पति भी मजदूरी करता है। बताया जाता है कि गुरूवार की सायं सुरजीत कौर ड्यूटी समाप्त कर फैक्ट्री बाहर आई और फैक्ट्री के ही एक कर्मी रमेश से लिफ्ट मांगकर उसके साथ बाईक पर सवार होकर घर के लिए रवाना हुई। मार्ग में करतारपुर मोड़ पर गुरूद्वारा के पास पीछे से तेज गति से आती कार ने उनकी बाईक को टक्कर मार दी। जिससे सुरजीत (शेष पृष्ठ सात पर)

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

रामनगर।ग्राम हिम्मतपुर ब्लॉक क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क



हादसे में 72 वर्षीय बुजुर्ग की जान चली गई। मृतक की पहचान ग्राम निवासी आनंद बल्लभ जोशी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आनंद बल्लभ जोशी गुरुवार रात अपने घर के बाहर टहल रहे थे। इसी दौरान काशीपुर की ओर से आ रही एक अज्ञात बस ने उन्हें तेज रफ्तार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वे मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद से अज्ञात वाहन (शेष पृष्ठ सात पर)

# महाराजा अग्रसेन जयंती पर निकाली भव्य शोभा यात्रा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल समाज द्वारा गुरुवार को अग्रवाल सभा अध्यक्ष राजीव अग्रवाल के नेतृत्व में भव्य और दिव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा लक्ष्मी शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों बाजारों से होती हुई रेलवे बाजार में सम्पन्न हुई।यह शोभायात्रा हर वर्ष सुंदर और सुंदर स्वरूप लेती जा रही है। शोभायात्रा का संचालन महामंत्री मनोज अग्रवाल एवं युवा समिति अध्यक्ष विपुल अग्रवाल द्वारा किया गया। मुख्य कार्यक्रम संयोजक नीरज प्रभात गर्ग के मार्गदर्शन में शोभायात्रा संचालन समिति के संयोजक आशुतोष अग्रवाल व मनोज अग्रवाल उपाध्यक्ष, कनव अग्रवाल द्वारा शोभायात्रा को व्यवस्थित और अनुशासित रूप से संचालित किया गया। अग्र समाज की महान विभूतियां राम मनोहर लोहिया, भारतेंदु हरिश्चंद्र, लाला लाजपत राय का हमेशा यात्रा में विशेष स्थान रखता है। शोभा यात्रा में 18 गोत्र के रूप में घोड़ों पर सवार 18 बालक अपनी ही छटा बिखेर रहे थे। नारी सशक्तिकरण का प्रतीक महिला स्कूटी रैली जिसका संचालन महिला अध्यक्ष पायल अग्रवाल, राधिका अग्रवाल, एकता अग्रवाल ने किया, विशेष आकर्षण का केंद्र रही। मां नंदा - सुनंदा, बांके बिहारी जी, मां गंगा एवं खाटू श्याम जी की जीवंत झांकी के अद्भुत दर्शन कर नगरवासी अविभूत हो गए। पार्वती प्रेमा जगाती एवं हर गोविंद सुयाल के अति उत्साहित बैंड और झांकी और जय अग्रोहा जय अग्रसेन के जयघोष ने आनंद में झूमते सभी दर्शकों में उमंग की अनोखी लहरों का संचार कर दिया। आखिर में महाराजा सभी पर अपनी कृपा का वर्षण करते हुए भव्य सिंहासन पर विराजमान चल रहे थे। शोभायात्रा की सुंदरता उसके उसके जीवंत रंग ढंग, उत्साह, जय जयकार, संजीव झांकियां, नृत्य संगीत, आस्था, परंपरा, एकता और टीम वर्क से होती है जो इस यात्रा में भर भर कर देखने को मिला।शोभा यात्रा का जगह जगह तोरन द्वार, जलपान, पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।शोभायात्रा में सुशील कुमार बंसल, भगवान सहाय अग्रवाल, सुशील अग्रवाल पप्पी, कैलाश चंद्र अग्रवाल, राकेश गर्ग, बद्री प्रसाद गुप्ता, अशोक अग्रवाल, नीरज प्रभात गर्ग, दीपक अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, निशुल अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, अमित अग्रवाल, सरिल गोयल, अभिषेक मित्तल, नानक चंद लोहिया, कैलाश चंद्र अग्रवाल, महावीर प्रसाद अग्रवाल, विजय कुमार अग्रवाल, अजय अग्रवाल मुन्ना, बसंत अग्रवाल, विजय बंसल, वैशाली अग्रवाल,ऋषभ अग्रवाल, अनिल गुप्ता, रामकिशोर अग्रवाल, रूपक अग्रवाल,गौरव अग्रवाल,देवेश अग्रवाल, तरुण बंसल,साकेत अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, अभिषेक गर्ग, दीपिका अग्रवाल, सीमा अग्रवाल,नीतू अग्रवाल, गुंजन सिंघल, पूजा सिंघल,बाल किशन अग्रवाल, अश्विनी गर्ग,डा- अनिल अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, रिचा गोयल, राधेश्याम अग्रवाल, असीम सिंघल, अरुण अग्रवाल पिंटू, शरद गुप्ता, मेघश्याम अग्रवाल, कुशाग्र अग्रवाल, दिव्यम अग्रवाल, अतिन अग्रवाल, लव मित्तल, सौरभ अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।





# दशरथ मरण तथा गुह निषाद का हुआ मंचन

गदरपुर। श्री रामलीला कमेटी अनाज मंडी गदरपुर में षष्टम् दिवस की रामलीला का भव्य आयोजन हुआ। मंच पर मुख्य दृश्य नैय्या पार, दशरथ मरण तथा गुह निषाद (दम्बक दुंबा)



का सुंदर मंचन किया गया। रामलीला का संचालन कमेटी अध्यक्ष श्री रविन्द्र बजाज, महामंत्री श्री अशोक धीर तथा कोषाध्यक्ष श्री कृष्ण लाल अनेजा की देखरेख में हुआ। निर्देशन की जिम्मेदारी सिद्धार्थ भुसरी ने निभाई। दशरथ की भूमिका में अशोक सुधा, श्रीराम के रूप में रोहित पोपली, लक्ष्मण के रूप में कशिश खुराना, सीता के रूप में दीपक छाबड़ा, कैकई की भूमिका में करण कालड़ा, सुमित्रा के रूप में केशव फुटेला, कौशल्या और मंथरा की भूमिका गुलशन शर्मा ने निभाई।भरत की भूमिका सागर कालड़ा, शत्रुघ्न की अनमोल शर्मा, केवट का मनमोहक अभिनय राजकुमार भुड्डी तथा गुह निषाद का रोल जगदीश भुड्डी ने निभाया।सभी कलाकारों ने अपने-अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष रूप से केवट का रोल दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहा, जिस पर लोगों ने जमकर तालियाँ बजाईं और राजकुमार भुड्डी की प्रस्तुति की सराहना की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री मनोज गुम्बर (मिंटू), सुखदेव ढींगरा, लेखराज नागपाल, लेखराज भुड्डी, देसराज भुड्डी, जगमोहन बजाज, श्री कृष्ण लाल सुधा, सतीश छाबड़ा, अशोक पोपली, मुलख राज अरोड़ा, राजेश अग्रवाल, आदित्य सुखीजा, निर्मल नारंग, अनमोल भुड्डी, अंकुर चावला, सक्षम ग्रोवर तथा मुनि भुसरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थिति दर्ज कराई।कमेटी के अध्यक्ष रविन्द्र बजाज ने मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों को सम्मानित किया और सैकड़ों की संख्या में पहुंचे दर्शकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि "रामलीला हमारी संस्कृति की आत्मा है, इसे संजोना और आगे बढ़ाना हम सबका कर्तव्य है।" मंच का संचालन सोमनाथ छाबड़ा, राजेश अग्रवाल और मिट्ठू सुखीजा ने किया।

# नैया पार की लीला का भावपूर्ण मंचन

गदरपुर। शिव मंदिर रामलीला कमेटी में रामलीला के दौरान अनेक महत्वपूर्ण प्रसंगों का मंचन किया गया।प्रथम दृश्य 'नैया पार' में केवट की भूमिका मुकेश चावला ने निभाई, जबकि श्रीराम का अभिनय शुभम गगनेजा, लक्ष्मण का यश कालड़ा और सीता का वंश गुप्ता ने किया। इस प्रसंग ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।दूसरे दृश्य ष्भरत जी की वापसीष में भरत की भूमिका प्रियांशु गुप्ता, शत्रुघ्न की हनु कश्यप और माता केकई की भूमिका ध्रुव चावला ने शानदार ढंग से प्रस्तुत की। इस प्रसंग में दर्शकों ने भरत के विरह और भक्ति भाव को बड़े ध्यान से देखा।तीसरे दृश्य ष्दम्बक दुंबाष में निषाद राज का अभिनय मुकेश चावला ने किया, जिसने वातावरण को और भी जीवंत बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिव मंदिर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष श्री जय किशन अरोड़ा ने मंचन देखने उमड़ी भारी भीड़ को देखकर गदगद होकर धन्यवाद




ज्ञापित किया और जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रामलीला हमारी सांस्कृतिक धरोहर है और इसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाना हम सबका दायित्व है।

# डॉ ध्रुव पांडेय ने टोक्यो युनिवर्सिटी जापान में शोध पत्र प्रस्तुत किया

किच्छा(उद संवाददाता)।वसंत गार्डन कॉलोनी, उधम सिंह नगर (उत्तराखंड) निवासी और कम्पोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय, नौली के प्रधानाध्यापक डॉ. ध्रुव कुमार पांडेय ने जापान के टोकियो विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रतिभाग



किया। डॉ पांडेय ने बताया कि भारत से कुल 40 शिक्षाविद व अन्य देशो से जापान जर्मनी फलीस्तीन ऑस्ट्रेलिया से भी शिक्षा विदो ने प्रतिभाग किया डॉ पांडेय ने अपने व्याख्यान में बताया कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र में स्कूल मनोविज्ञान हस्तक्षेपों की सफलता के लिए सामाजिक दक्षता अत्यंत आवश्यक है। स्थानीय सांस्कृतिक मान्यताओं को समझना, पारंपरिक ज्ञान को शामिल करना और परिवार व समुदाय के साथ सहयोग करना प्रभावी परिणाम देता है। संसाधनों की कमी और सामाजिक दक्षता में सीमित प्रशिक्षण जैसी चुनौतियाँ मौजूद हैं। इसलिए, समाज-संवेदी दृष्टिकोण अपनाकर छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और शैक्षिक सहयोग को न्यायसंगत और टिकाऊ बनाया जा सकता है।उक्त शोध पत्र के लेखन में राजकीय महाविद्यालय हल्द्वानी गौलापार पार की इतिहास विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ अर्चना जोशी व डॉ ध्रुव पांडेय ने सयुंक्त रूप से लिखा है इस लेखन के लिए जापान व अन्य देशो के विद्वानों ने बहुत ही सराहा इसके लिए सभी ने बधाई दी।

# हल्द्वानी में चला स्वच्छता व शपथ अभियान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत एक दिन एक घंटा एक साथ श्रमदान थीम के साथ नगर निगम के पूरे नगरीय क्षेत्र में विशेष स्वच्छता शपथ एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इसके क्रम में प्रत्येक वार्ड, स्कूल, सरकारी अर्द्ध सरकारी कार्यालय, सुशीला तिवारी हॉस्पिटल, ओपन यूनिवर्सिटी, आर्मी कैंट क्षेत्र तथा आम जनमानस को इस अभियान में जोड़ने का प्रयास किया गया। इस अभियान एवं स्वच्छता शपथ करने का उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करके स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाना था इस कार्यक्रम के



अंतर्गत नगर निगम में रिकॉर्ड बनाते हुए करीब 132400 लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और सभी जन समुदाय से अपील की गई कि अपने शहर को स्वच्छ बनाने में नगर निगम हल्द्वानी का साथ दें। इसके अतिरिक्त विशेष अभियान के अंतर्गत जीजीआईसी में महापौर की अध्यक्षता में शपथ समारोह का आयोजन किया गया एवं कालाढूंगी रोड से कालू सिद्ध मंदिर होते हुए ओके होटल तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही सभी कार्यालय में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया।

# नगला नगर पालिका ने चलाया स्वच्छता अभियान

पंतनगर (उद संवाददाता)। स्वच्छता ही सेवा- 2025 पखवाड़ा के अन्तर्गत नगरपालिका परिषद नगला में एक दिन, एक घण्टा एक साथ कार्यक्रम के तहत स्वच्छता शपथ लेकर अपने परिसर के आस- पास स्वच्छता हेतु श्रमदान किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन नगला स्थित न्यू हिमालय पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद नगला के अध्यक्ष सचिन शुक्ला एवं समस्त वार्ड सभासद, विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं निकाय की स्वछता टीम मौजूद रहे। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष द्वारा विद्यालय को आवश्यकतानुसार डस्टबिन वितरित किए गए एवं बच्चों से अपील की गई कि वे स्वच्छता के प्रति स्वयं जागरूक रहे एवं अपने आसपास अन्य लोगों को भी जागरूक करें। सामूहिक श्रमदान के अंतर्गत सभी लोगों ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान में भाग लिया।



# ट्रांसपोर्टर के घर से सात लाख के आभूषण चोरी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। शहर में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। देर रात सुभाषनगर स्थित इंद्रजीत गार्डन में ट्रांसपोर्ट व्यवसायी कुलदीप सिंह सेठी के घर में चोरों ने सात लाख रुपये के सोने के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया, और हैरानी की बात यह रही कि परिवार के सदस्य घर में सोते रहे और उन्हें भनक तक नहीं लगी। जानकारी के अनुसार, चोर मकान की दूसरी मंजिल पर चुपचाप दाखिल हुए और अलमारी में रखे करीब आठ तोला सोने के जेवरात लेकर फरार हो गए। चोरी की वारदात उसी कमरे में हुई, जिसके ठीक बगल में परिवार के अन्य सदस्य सो रहे थे। सुबह जब अलार्म बजा तो बेटी की नींद खुली और चोरी का खुलासा हुआ। कुलदीप सेठी ने बताया कि चोरी गई ज्वेलरी अलमारी के लॉकर में सुरक्षित रखी गई थी। चोरों ने चाबी अलमारी के भीतर ही ढूंढ निकाली, जिससे उन्होंने लॉकर आसानी से खोल लिया। घटना की सूचना मिलते ही भोटियापड़ाव पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, लेकिन अब तक कोई संदिग्ध सामने नहीं आया है।गौरतलब है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीएन मीणा द्वारा बुधवार को ही कानून व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से कई थानों में इंस्पेक्टर और उपनिरीक्षकों के तबादले किए गए थे। अमर चंद्र शर्मा को हल्द्वानी का नया कोतवाल बनाया गया है। और उनकी तैनाती के कुछ ही घंटों बाद यह वारदात सामने आई, जिसे चोरों की सीधी चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। इस संबंध में सीओ सिटी नितिन लोहनी ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# बौद्ध समिति के प्रतिनिधि मण्डल ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को दून बौद्ध समिति के प्रतिनिधिमण्डल ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों के साथ सामाजिक, शैक्षणिक एवं समसामयिक विषयों पर सार्थक संवाद किया। उन्होंने समिति द्वारा शिक्षा और समाजहित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार और नैतिक मूल्यों का समावेश समाज के समग्र विकास के लिए अनिवार्य है। प्रतिनिधिमण्डल ने राज्यपाल को अपने शिक्षण संस्थानों की गतिविधियों, सामाजिक पहलों तथा इनसे जुड़ी चुनौतियों की जानकारी दी। राज्यपाल ने उन्हें समाज और शिक्षा क्षेत्र में निरंतर सकारात्मक योगदान हेतु प्रोत्साहित किया और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# सारी दुनियां में गूंजे शेरों वाली की जय जयकार..

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री दुर्गा मंदिर में पावन नवरात्रि के चौथे दिवस पर मां भगवती की चौकी का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय व आमंत्रित भजन गायक कलाकारों ने मां के भजन गाकर मां की महिमा का गुणगान किया। सर्वप्रथम पंड़ित नवीन शास्त्री द्वारा जजमानों दर्शन लाल डावड़ा, हिमांशु डावड़ा, दीपक डावड़ा, राहुल डावड़ा, अमित डावड़ा, सुमनलता डावड़ा,फूलां रानी, नन्दनी महावाल, प्रीति डावड़ा, मेघा डावड़ा, गुलशन फुटेला, तारा रानी एवं उनके परिवारजनों के साथ मां की विधिवत पूजा अर्चना करवाई। तत्पश्चात अमित अरोरा ने गुरू वंदना, मां का आव्हान, गणेश वन्दना के बाद फूलों की वर्षा के भजन गायें। हल्द्वानी से आई भजन गायिका नीलम गंगोला ने सरस्वती वन्दना के बाद सारी दुनियां में गूंजे शेरों वाली की जय जयकार, तेरा सच्चा है दरबार, जय बजरंग बली को जो दिल से पुकारे उसकी विपदा टली, मैया नवरात्रों पर धरती पर आती है किसको क्या देना है सब सोचकर आती है, जय मां शेरां वाली जय मां कलकत्ते वाली मेरी लाज रखना, जब भी मैं पुकारूं मां तुम दौड़ी दौड़ी चली आना,



मैं जुदाईयां सह नहीं सकदा मां मैंनू तेरी आदत पै गई ए, बांके बिहारी की देख छटा मेरो दिल रह गयो लटा पटा, तूं कितनी अच्छी है तूं कितनी भोली है प्यारी प्यारी है ओ मां आदि भजन गाकर मां की महिमा का गुण गान किया। इस दौरान सारा वातावरण मां के जयघोषों से गुंजायमान होता रहा। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर रेनू अरोरा, देवेन्द्र कुकरेती, गुरशरण बब्बर, किशन नारंग, जुगनू, कृष्ण मुरारी धीर, पवन गाबा, श्वेता गाबा, मुदित गाबा, अंजू ठक्कर, मंजू बाम्बा,आशा गाबा, मंजू बब्बर, वेद ठुकराल, श्याम मदान,कन्हैया लाल, डा. नारायणदास अदलखा, कमल चिलाना, अरूण मनचंदा, राजकुमार जिंदल, इन्द्रा यादव, बीना वर्मा, प्रवीण गुलाटी, नीलम गुलाटी, एससी सिंघल, केवल कृष्ण बत्रा, रेखा अरोरा, देवेन्द्र सिंह, सन्नी बत्रा, सतीश नारंग, पिंकी गोस्वामी, गीता गुप्ता, संगीता ठुकराल, रिद्धिमा गुप्ता, अनुष्का पुरी, पूनम अग्रवाल, दुर्गा गुप्ता, कुसुम जग्गा, कनिका गुम्बर, अंजू, अंजना मिश्रा, चन्दर अरोरा, आरके वर्मा, श्याम मदान, संजीव छावड़ा आदि मौजूद थे।

# 27,655 लाभार्थियों को मिला निशुल्क उपचार और परामर्श

रूद्रपुर। 'स्वस्थ नारी सशक्त भारत' स्वास्थ्य सेवा पखवाड़े के अंतर्गत गुरूवार को जनपद के 194 चिकित्सा केंद्रों एवं शिविरों में बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में कुल 27655 लाभार्थी लाभान्वित हुए। उक्त शिविरों में हाइपरटेंशन के 9993, मधुमेह के 9926, सर्वाइकल कैंसर के 43, ब्रेस्ट कैंसर के 1848 तथा ओरल कैंसर के 6344 लाभार्थियों की स्क्रीनिंग की गई। शिविरों में ईख्र रक्तकोष हेतु 869 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराने के साथ ही 20 रक्त दाताओं द्वारा रक्तदान किया गया। कैंपों में 4494 गर्भवती महिलाओं द्वारा ए एन सी चेकअप कराया गया।



3197 किशोरियों की माहवारी स्वच्छता संबंधी काउंसिलिंग की गई। 257 बच्चों की पोषण संबंधी काउंसिलिंग की गई। 395 लाभार्थियों को एम सी पी कार्ड वितरित किए गए। 4830 लाभार्थियों की टीबी की जांच की गई तथा 95 नि क्षय मित्रों का रजिस्ट्रेशन किया गया। 175 लाभार्थियों की आभा आईख्र डी बनाई गई। शिविरों में कुल 14920 लोगों को जनस्वास्थ्य की जानकारी दी गई। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ के.के. अग्रवाल ने शिविरों में दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए सभी को निर्देशित किया कि इस अवसर पर सभी लाभार्थियों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाए ताकि कोई भी स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित न रहे।

# हल्द्वानी के सभी वार्डों में जन सुविधा शिविर सम्पन्न

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना के निर्देशन एवं नगर निगम की पहल पर नगर क्षेत्र के सभी 60 वार्डों में स्थानीय नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु वार्ड-वार जन सुविधा शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। 13 अगस्त से वार्ड 60 से प्रारंभ किए गए शिविर गुरुवार को वार्ड संख्या 01 एवं 02 में आयोजित कर सम्पन्न हो गए। गुरुवार को तक वार्ड संख्या 1 एवं 2 में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान नागरिकों ने मुख्यत: खाद्य आपूर्ति व्यवस्था, राशन कार्ड में नाम जोड़ने/हटाने तथा पृथक राशन कार्ड जारी करने जैसी समस्याएँ उठाईं। अधिकारियों द्वारा इनमें से अधिकांश शिकायतों का समाधान मौके पर ही किया गया, जबकि शेष मामलों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बद्ध विभागों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।शिविर के दौरान नागरिकों ने मुख्यत: आपूर्ति व्यवस्था, राशन कार्ड में नाम



जोड़ने/हटाने, पृथक राशन कार्ड जारी करने जैसी समस्याएँ उठाईं। अधिकारियों द्वारा इनमें से अधिकांश शिकायतों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। गुरुवार को आयोजित शिविर में आधार सेवा से संबंधित कार्यों के अंतर्गत कुल 63 आधार कार्ड बनाए एवं संशोधित किए गए। पूर्ति विभाग से 18 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें नए राशन कार्ड बनाए जाने और नाम जोड़ने/हटाने के आवेदन सम्मिलित थे। इसके अतिरिक्त 04 यू0सी0सी0 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि 12 शिकायत बिजली विभाग से तथा 01 शिकायत जल संस्थान विभाग से संबंधित प्राप्त हुई, जिसका विभाग द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही की गई।शिविर में नगर आयुक्त ऋचा सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, सहायक नगर आयुक्त जीके भट्ट, विभागीय अधिकारी कर्मी, वार्ड संख्या 1 की पार्षद बबली वर्मा तथा वार्ड संख्या 2 की पार्षद निर्मला तिवारी उपस्थित रहे।इन वार्डवार आयोजित शिविरों के दौरान 1077 आधार कार्ड बनाए एवं संशोधित किए गए, 345 पूर्ति विभाग के आवेदन (नए राशन कार्ड एवं नाम जोड़ने/हटाने सहित) प्राप्त हुए,177 यूसीसी आवेदन जारी किए गए,110 बिजली विभाग से संबंधित शिकायतें, 18 पानी विभाग की शिकायतें तथा 70 स्ट्रीट लाइट से संबंधित शिकायतें दर्ज एवं निस्तारित की गईं।

# खाद्य सुरक्षा विभाग का जॉच अभियान जारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नवरात्रि पर्व के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जनपद क्षेत्र में चलाये जा रहे अभियान में विभाग द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान हल्द्वानी एवं रामनगर, हल्द्वानी ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 20 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जनपद से विभिन्न खाद्य पदार्थों कुट्टू आटा के 02, साबुदाना 01 कुल 3 नमूने जॉच हेतु प्रयोगशाला भेजे गये है। अजब सिंह रावत, सहायक आयुक्त/अभिहित अधिकारी, खाद्य संरक्षा एवं औषधि



प्रशासन ने बताया कि त्योहारी सीजन में नियमित रूप से खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है तथा आम जनता से अपील की कि त्यौहारी सीजन में प्रयोग होने वाले खाद्य पदार्थ पैकेट बन्द लेबल को पढने के बाद ही खरीदें। निरीक्षण एवं नमूना संग्रह टीम में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, अभय कुमार सिंह, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, असलम खाँ, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, नन्दकिशोर आदि शामिल रहे।

# छात्र कल्याण परिषद अध्यक्ष पद पर साजिया की पकड़ मजबूत

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय में छात्र कल्याण परिषद के चुनाव में अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ रही साजिया की पकड़ मजबूत मानी जा रही है और अब



प्रत्याशी शाजिया कॉलेज के मतदाताओं को रिझाने में अपनी टीम के साथ जुट गई है। गदरपुर राजकीय महाविद्यालय कॉलेज में पहली बार चुनाव हो रहे हैं साजिया ने बताया कि अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ रही उनकी प्रतिद्वंदी सौम्या और साजिया के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी वही साजिया के समर्थक भी अपने समाज के साथ-साथ अन्य लोगों के समर्थन में जुट गए हैं जिससे मुकाबला और भी कांटे का देखने को मिलेगा राजकीय महाविद्यालय गदरपुर में लगभग 250 से अधिक छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं और हर वोट निर्णायक साबित हो सकता है पहली बार के इस चुनाव में साजिया की पकड़ मजबूत मानी जा रही है और 27 सितंबर को छात्र कल्याण परिषद के चुनाव होने हैं।

# विधि छात्रों को दी एफआईआर की जानकारी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। अधिवक्ता परिषद स्वाध्याय मण्डल द्वारा जिला बार एसोसिएशन सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विधि छात्र-छात्राओं को एफआईआर विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता रघुवीर सिंह रावत ने विधि विद्यार्थियों को उच्चतर न्यायालय के विभिन्न निर्णयों के उदाहरण देते हुए एफआईआर दर्ज




करने के बारे में बताया। इस अवसर पर अधिवक्ता परिषद के जिला अध्यक्ष जीडी गुणवन्त, प्रान्त क्षेत्रीय संगठन मंत्री संजय सिंह, उपाध्यक्ष अनीता सक्सेना, महिला प्रान्त प्रमुख सुभाषिनी द्विवेदी, वरिष्ठ अधिवक्ता पियूष पंत, मनोज मिश्रा, विकास, गिरिश शर्मा, ज्योति अरोरा, अनन्या शर्मा आदि अधिवक्ता मौजूद थे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स- रविन्द्र उद्योग पंजीकरण संख्या UKFIRM 0670925010306 एक साझीदारी फर्म है, जिसमें सुभाष चन्द्र अग्रवाल एवं श्रीमती रंजना अग्रवाल बतौर साझीदार हैं। अब इस फर्म मैसर्स रविन्द्र उद्योग में तीसरे साझीदार के रूप में श्री सिद्धांत अग्रवाल को शामिल किया गया है। यदि किसी व्यक्ति विशेष को इस सन्दर्भ में आपत्ति है तो वह अपनी आपत्ति कार्यालय फर्म निबन्धक उत्तराखण्ड शाखा रूद्रपुर में 10 दिन के अन्दर दर्ज करा सकता है।

सुभाष चन्द्र अग्रवाल पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण अग्रवाल निवासी AGM 54, गल्ला मण्डी, रूद्रपुर (उधमसिंहनगर)

# गुरु नानक देव जी की याद में 20 परिवारों को बांटा राशन

गदरपुर। सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई द्वारा गुरु नानक देव जी की याद में 20 जरूरतमंद परिवारों को राशन एवं वस्त्रो का वितरण किया गया। वार्ड नंबर 10 आजाद नगर में एक प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे समाजसेवी लाल मोहम्मद द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते हुए परिवारों को राशन एवं वस्त्रो का वितरण करके उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उनका कहना था कि जरूरतमंदों की सहायता से इतना सुकून मिलता है जितना हमें किसी अन्य साधन से नहीं मिल सकता। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता गदरपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष जयकिशन अरोड़ा ने की उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी कमीशन ही लोगों की सहायता का रहा है उन्होंने संस्था की नगर इकाई द्वारा किए जा रहे समाज भलाई के कार्यों की सराहना करते हुए हर संभव सहायता का भी आश्वासन दिया। कार्यक्रम के संयोजक देवेंद्र सिंह ने बताया कि गुरु नानक देव जी का मिशन जरूरतमंदों की सहायता का रहा है आज के दिन गुरु नानक देव जी करतारपुर नगर वर्तमान पाकिस्तान में ज्योति ज्योत



समाय थे उनकी याद में गुरुद्वारा के अलावा मुस्लिम समाज द्वारा मजार और हिंदू समाज द्वारा समाधि बनाकर उन्हें समय-समय पर श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। जरूरतमंद परिवारों को चिन्हित करके राशन सामग्री का वितरण किया जाता है जिसके लिए जय किशन अरोड़ा, लाल मोहम्मद,हरविंदर सिंह ग्रोवर, जगजीत सिंह खालसा ,हरविंदर सिंह केलाखेड़ा सहित संगत का सहयोग समय समय पर मिलता रहता है। इस दौरान हारिस , विपुल प्रजापति, निशांत गुप्ता ,किशन गुप्ता, परमजीत कौर,प्रभजोत सिंह इंद्रजोत सिंह,सरस्वती के अलावा अलशिफा, परवीन, अक्सा, राधा,सुभि,पूजा, इल्मा, तूबा, राजमाला, रीना, अनीता, राजकुमारी, मोनिका, नेहा,राखी, सोनम, ज्योति,जनक रानी, ओमवती सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# वेतन नहीं मिलने पर श्रमिकों ने खोला मोर्चा

किच्छा(उद संवाददाता)।शुक्रवार प्रात ग्राम किशनपुर स्थित मां शीतला वेंचर्स लिमिटेड नामक सरिया फैक्ट्री में मजदूरों ने वेतन न मिलने के विरोध में हड़ताल शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पिछले दो माह से समय पर वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। वहीं, चालू माह का वेतन भी अब तक न मिलने से नाराज मजदूर सुबह 10 बजे से कंपनी गेट पर धरने पर बैठ गए। उनके नेतृत्व में करीब चार दर्जन से अधिक मजदूर फैक्ट्री गेट पर एकजुट होकर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। मजदूरों का कहना है कि लगातार दो माह से वेतन न मिलने के कारण उनके घर की आर्थिक स्थिति चरमरा गई है। कंपनी के हर नरेंद्र गंगवाल ने बताया कि सभी 118 श्रमिकों की वेतनमान को बनाकर बैंक में लिफ्ट के लिए भेज दिया गया है उन्होंने यह भी बताया कि ठेकेदार की तरफ से श्रमिकों का वेतन न बनाए जाने के कारण वेतन भुगतान में दिक्कतें आई हैं जिसे अब दूर कर लिया गया है तथा शीघ्र ही सभी श्रमिकों का वेतन उनके खातों में नेफ्ट के माध्यम से पहुंच जाएगा। किंतु धरने पर बैठे श्रमिकों ने स्पष्ट कहा कि जब तक वेतन निफ्ट



किए जाने का मैसेज प्राप्त नहीं हो जाता तब तक मिल गेट पर धरना जारी रहेगा तथा कच्चे माल की आवाज आई रुकी रहेगी धरने में शामिल प्रमुख मजदूरों में राकेश कुमार, श्याम रस्तोगी, टीटू सिंह, वेदांत, कृष्णपाल, हरेंद्र, जयप्रकाश, कर्मवीर वेदांत सक्सेना राकेश कुमार कारणदीप हरेंद्र पाल सतीश कुमार सागर कश्यप नरेश गंगवार और नीरज सहित अन्य कर्मचारी मौजूद हैं। मजदूरों ने चेतावनी दी है कि जब तक बकाया और वर्तमान माह का वेतन अदा नहीं किया जाता, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।इधर, फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से अब तक मजदूरों को आश्वासन के अलावा कोई ठोस कदम न उठाए जाने से असंतोष और बढ़ता जा रहा है। मजदूरों की मांग है कि प्रबंधन शीघ्र हस्तक्षेप कर उनकी बकाया वेतन समस्या का निस्तारण करे। समाचार लिखे जाने तक मिल मजदूर फैक्ट्री गेट पर धरना प्रदर्शन पर अड़े हुए थे।

# राम भरत मिलि गए, अति प्रीति परमानंद.. देख मिलन सुत प्रेम के, रोए सब नर-नंद

## जय गुरूदेव इंडस्ट्रीज के स्वामी एवं समाजसेवी बंसीधर गुम्बर ने किया श्री रामलीला मंचन का शुभारंभ






रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर की प्रमुख बस अड्डे वाली रामलीला में आज अयोध्या के दूत द्वारा भरत एवं शत्रुघन को उनकी ननिहाल से बुला लाने, अयोध्या में हर किसी को शोक संतप्त देखनें, माता कैकई द्वारा राजपाट मिलनें, पिता दशरथ की मृत्यु एवं राम को वनवास मिलनें की खबर से विचलित होकर माता कैकयी को बुरे वचन कहना, राम से मिलनें वनों को जाना, राम भरत मिलाप एवं खड़ाउं लेकर वापस अयोध्या को रवाना होनें के दृश्यों का सुंदर मंचन हुआ। दीप प्रज्जवलन मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि वर्ष 1997 से ही पूरे उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड में कृषि उपकरणो के निर्माण में अग्रणी जय गुरूदेव इंडस्ट्रीज के स्वामी, नगर के प्रमुख समाजसेवी श्री बंसीधर गुम्बर जी, उनके सुपुत्र अरविन्द गुम्बर, पौत्र युग गुम्बर, सार्थक गुम्बर एवं पौत्री ध्वनि शब्द के करकमलों द्वारा सपरिवार किया गया। श्री रामलीला कमेटी नें गुम्बर परिवार द्वारा सामाजिक एवं धार्मिक सस्थाओं को निरंतर सहयोग के लिये हार्दिक आभार व्यक्त करते हुये माल्यार्पण कर, शाल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।प्रथम दृश्य में अयोध्या का दूत भरत-शत्रुघन के ननिहाल पहुंचता है और उन्हें वापस अयोध्या लिवा लाता है। अयोध्या पहुंचकर भरत को हर तरफ गम के बादल छाये हुये मिलते हैं। वह माता कैकयी के पास पहुंचते हैं तो कैकयी उन्हें राजपाट मिलनें की बधाई देती है, लेकिन भरत पिता दशरथ से न मिल पानें के लिये आतुर हैं। भरत को राम भी महलों में दिखायी नहीं देते तो वह कैकयी से इसका कारण पूछतें हैं। कैकयी टालमटोल करती है, लेकिन भरत के जिद करनें पर वह बताती है कि उसनें राजा दशरथ से भरत के लिये राजपाट और राम के लिये वनबास मांगा है। इसी गम में राजा दशरथ स्वर्ग सिधार गये और राम वनों को चले गये। भरत सिर पकड़ लेता है। भरत कैकई को एकटक निहारते रह गए, जैसे उनकी वाणी चली गई हो। कैकई ने प्रसन्न भाव से अपनी समूची योजना और महल में घटी घटनाओं को विस्तार से बताया। भरत कुछ नहीं बोल रहे थे, बस उनकी आंखें लगातार बरस रही थीं। कैकई जब सब कह चुकीं तब भरत की तन्द्रा टूटी। कुछ पल तक माता का चेहरा निहारते रहने के बाद बोले- श्रे नीच! अभागन ! इतना बड़ा पाप करने के बाद भी जी रही है, तुझे अपने जीवन पर लज्जा नहीं आती? मुझ निर्दोष को समस्त संसार के लिए अछूत बना देने वाली दुष्टा ! जी करता है तेरा गला दबा कर मार दूं तुम्हें. ... रोते भरत के दोनों हाथ कैकई के गले तक पहुंचते, तब तक शत्रुघन ने उनके दोनों हाथों को थाम लिया। भरत पिता का अंतिम संस्कार करके तीनों रानियों, मंत्रियों सेना एवं प्रजा के साथ वनों को दौड़ जाते हैं। जैसे ही चक्रवर्ती सेना और भरत को आते देखा। आग बबूला होकर राम के पास आते हैं और कहते हैं कि भरत बड़ी सेना के साथ हमारी ओर बढ़ रहा है। तभी राम मुस्कुराते हुए कहते हैं ठहर जाओ। अनुज भरत को आने तो दो। भरत राम के चरणों में गिरकर क्षमा याचना करने लगते हैं। दोनों की आंखों से अश्रुओं की धारा बहनें लगती है। उसके बाद भरत पिता के बारे में राम से कहते हैं कि अब हमारे बीच पिता श्री नहीं रहे यह शब्द सुनकर श्री राम और सीता लक्ष्मण व्याकुल हो शोकाकुल हो जाते है। राम को अपने साथ ले जाने के लिए भरत मिन्नतें करते हैं। मगर श्री राम कहते हैं कि पिता के दिए हुए वचन का मर्यादा नहीं टूटे। भरत ने श्री राम के चरण पादुका को अपने सर पर उठाकर आंखों में अश्रु के साथ वहां से विदा होते हैं। लीला में राम मनोज अरोरा, भरत पुलकित बांबा, लक्ष्मण गौरव जग्गा, सीताजी दीपक अग्रवाल, गणेश भगवान-आशीष ग्रोवर आशू, भरत के मामाजी अनिल तनेजा, सुमन्त-सचिन आनन्द, कौशल्या सुमित आनन्द, कैकई नरेश छाबड़ा, सुमित्रा का किरदार अग्रिम सचदेवा, विशिष्ट- मनोज मुंजाल नें निभाया। संचालन मंच सचिव विजय जग्गा एवं संदीप धीर नें किया। इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष अमित गंभीर सीए, समन्वयक नरेश शर्मा, पंत यूनिवर्सिटी के पूर्व वीसी डा० बी एस बिष्ट, अशोक अग्रवाल, दिनेश कपूर, सतीश बाम्बा, विजय जग्गा, राकेश सुखीजा, अमित अरोरा बोबी, राजेश छाबड़ा, कर्मचन्द राजदेव, सुभाष खंडेलवाल, केवल कृष्ण बत्रा, हरीश अरोरा, महावीर आजाद, अमित चावला आशीष मिड्ढा, रघुवीर अरोरा, संदीप धीर, मोहन लाल भुड्डी, प्रेम खुराना, संजीव आनन्द, गौरव तनेजा, आशीष ग्रोवर आशू, हरीश सुखीजा, मनोज मुंजाल, विशाल भुड्डी, राम कृष्ण कन्नौजिया, बंटी बाम्बा, अनिल तनेजा, रमन अरोरा, कुक्कू शर्मा, गौरव राज बेहड़, सौरभ राज बेहड़, राजकुमार कक्कड़, सचिन मुंजाल, सुभाष तनेजा, वैभव भुड्डी, दीपक अग्रवाल, रोहित नागपाल, अमन गुम्बर, रोहित खुराना, गोगी, सन्नी आहूजा, कपिश सुखीजा, राजन राठौर, बिट्टू ग्रोवर, सनी आहूजा, सनी कोहली, लवी ग्रोवर, नोनी ग्रोवर, शिवांश कोहली, शौर्य अरोरा, आयुष धमीजा, नीतिश धीर, मोहन अरोरा, हर्ष अरोरा, रोनिक मुंजाल, गर्वित मुंजाल, केतन बांगा, जतिन सुखीजा, चिराग तनेजा, अभय भुड्डी, पुरुराज बेहड़, आशमन अरोरा, अभि चुघ, तन्मय आनन्द, आयुष्मान सुशील गाबा, रवि अरोरा, चिराग कालड़ा, रोहित जग्गा, सचिन तनेजा, दिव्यांश गोयल, कनव गंभीर, महेश गर्ग, संजीव कामरा, आदि उपस्थित थे।



## टैंट की सेवाओं के लिये सुधीर अरोरा को किया सम्मानित

रूद्रपुर। विगत अनेंकों वर्षों से रामलीला मंचन में लागत पर ही टैंट कार्य की सेवाएं दे रहे समाजसेवी को श्री रामलीला कमेटी नें शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कमेटी नें श्री अरोरा की सेवाओं को सराहते हुये कहा कि आज के पेशेवर युग में भी सुधीर अरोरा जैसे समाजसेवी अपनी पूरी मेहनत एवं श्रद्धा से श्रीराम कार्य में अपना सहयोग बिल्कुल लागत मूल्य पर देकर समाजसेवा कर रहे है।

## संचालन में विजय जग्गा का जवाब नहीं

रूद्रपुर। मंच संचालन में विजय जग्गा की विशेष शैली नें समां बांध रखा है। विगत 38 वर्षों से श्रीराम लीला से सक्रिय रूप से जुड़े विजय जग्गा ठीक 9 बजे मंच पर पहुंचकर संचालन प्रारम्भकर देते है। इस मंच की नींव रखनें के ऐतहासिक दिवस पर श्री जग्गा रामलीला कमेटी के महामंत्री के रूप में कार्यरत थे। 20 वर्षों तक महामंत्री रहे विजय जग्गा संचालन करते समय मर्यादा को विशेष ध्यान में रखते हुये समयानुसार सभी पर्दे करवानें पर विशेष ध्यान देते है। श्री जग्गा नें कहा कि जब तक प्रभु श्रीराम का आर्शीवाद उन पर रहेगा, तब तक वह पूरी शिद्दत से श्री रामकार्य की सेवा करते रहेंगें।

## जोकर पार्टी ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया

रूद्रपुर। रामलीला मंचन के दौरान शहर के मशहूर जोकरों की चौकड़ी नें आज रात्रि अपनी विशेष प्रस्तुति देकर उपस्थित सैंकड़ों क्षेत्रवासियों को हंसने पर मजबूर कर दिया। जोकर पार्टी के रामकृष्ण कन्नौजिया, कुक्कू शर्मा, गोगी नरूला आदि नें गंभीर रूप से चल रहे भरत मिलाप के पर्दों के मध्य में आकर परदेसी की शेव नामक प्रस्तुति से माहौल को हल्का कर दिया। दर्शको नें उनका तालियां बजाकर उत्साह बढ़ाया।



# नच्चो गाओ भक्तो, आज है माता का जगराता..

## श्री नीलकंठ धाम मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, माता की चौकी एवं दरबार में भजनों से किया गुणगान

रुद्रपुर। शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में श्री नीलकंठ धाम मंदिर में आयोजित हो रही माता की चौकी एवं दरबार में सैकड़ो भक्तों ने पहुंच कर महामाई और बाबा का गुणगान किया। इस दौरान सभी भक्त भक्ति के रस में सराबोर नजर आए और भजनों पर जमकर झूमे। बृहस्पतिवार को सभी भक्तों की ओर से श्री नीलकंठ धाम मंदिर में माता की चौकी एवं दरबार सजाया गया। माता की चौकी और दरबार में सर्वप्रथम ज्योत प्रज्जवलित कर श्री गणेश वंदना,श्री राम स्तुति, हनुमान चालीसा, श्री बालाजी महाराज, श्री भैरवनाथ और श्री प्रेतराज की आरती के साथ शुरू हुए दरबार में माता रानी, भोलेनाथ बालाजी महाराज के सुंदर-सुंदर भजन का गुणगान कर उपस्थित भक्तों को झूमने नाचने पर मजबूर कर दिया। दरबार में भजन गायक विनीत अरोरा ने मैने सब कुछ पाया दाती तेरा दर्शन पाना बाकी है, तुम तो भगत हो श्री राम के। सुमित वार्ष्णेयने चल्लों दरवार माँ दे करलो दीदार माँ दे,तेरियां उड़िका दातिये। पवन खनिजो ने बजाओ राधा नाम की ताली ,लाखो तर गए लाखो ने तर जाना। रमेश राठौर-ऐसा डमरू बजाया भोले नाथ ने।वंशिका मनोचा-सृष्टि दी मालिक माहा काली सहित कई भजन सुनाते हुए श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। दरबार में महंत विकास शर्मा पर आई भोले बाबा, माता रानी और बाला जी महाराज की शक्तियों से भक्तों ने आशीर्वाद प्राप्त कर सुख शांति की कामना की। दरबार में अमित अरोड़ा बॉबी, आकाश कटारिया, अजय चड्ढा,राकेश सुखीजा,जगदीश बठला,पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, संजय ठुकराल,विवेक दीप सिंह, सोनू, सचिन खुराना, राजन राठौड़, सुनील ठुकराल,सीए करुण गुप्ता,पम्मी सुखीजा, हरवेश मनोचा, संदीप मनोचा, ललित नारंग,समीर गौड,मोहित अरोड़ा, विजय तोमर, दीपक शर्मा,राजीव मनोचा,अनुज शर्मा,रोहित मदान, देवेंद्र गिरी,मुकेश शर्मा,चंदन सक्सेना, अमन खुराना, दीपक पुंशी,हरजीत राठी, पवन खनिजों, पवन रंगीला, सुशील नारंग, राघव बठला,गौरव खुराना, सोनू,संदीप वाल्मीकि, मुकेश भटनागर, काशीराम, रवींद्र वार्ष्णेय, मीना वार्ष्णेय, यशी वार्ष्णेय,सीमा नारंग, संगीता बठला, सिमरन बठला, कंचन नारंग,पूनम मदान, नीलू खुराना, गीता शर्मा,भूमिका शर्मा,सुमन मनोचा, अनीता मनोचा, विमला रेशू सक्सेना,श्वेता, नेहा अरोड़ा, प्रिया मनोचा, मोना खुराना, राजेंद्र कौर, गुरमीत कौर,इंद्रजीत कौर, मुस्कान खनिजों, सीमा रानी,राम बेटी, चिका शर्मा, शालू राठी, सहित सैकड़ो की संख्या में भक्त भक्तानिया मौजूद थी।




# भाजपा सरकार में सड़कों का नेटवर्क हो रहा मजबूत: धामी

## गदरपुर-दिनेशपुर-मटकोटा-हल्दुनी मोटर मार्ग के पुनर्निर्माण एवं चौड़ीकरण का शिलान्यास

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड राज्य में सड़क बुनियादी ढाँचे को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उधम सिंह नगर जनपद के अंतर्गत गदरपुर -दिनेशपुर-मटकोटा-हल्द्वानी (एम०डी०एच०-5) मोटर मार्ग के किमी 0.00 से 16.00 तक पुनर्निर्माण एवं गदरपुर- दिनेशपुर-मटकोटा- हल्दुनी मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का वर्चुअल शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि यह महत्वाकांक्षी परियोजना कुल 19.900 किमी लंबाई में स्वीकृत की गई है, जिसकी लागत 5498.79 लाख रुपये है। परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को न केवल बेहतर सड़क सुविधाएँ प्राप्त होंगी, बल्कि आर्थिक गतिविधियों, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, कृषि एवं पर्यटन क्षेत्र को भी अभूतपूर्व बढ़ावा मिलेगा।इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार का संकल्प है कि राज्य की सड़कें सुरक्षित, चौड़ी और सुगम हों। सड़क नेटवर्क मजबूत होने से गाँव-गाँव तक विकास की रफ्तार पहुँचेगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि यह मार्ग तराई क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि डबल लेन के मार्ग से अनेक सुविधाओं का लाभ मिलेगा और जाम जैसी बड़ी समस्याओं से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मे सड़कों का नेटवर्क मजबूत हो रहा है। श्री धामी ने कहा कि क्षेत्रवासियों की यह माँग लम्बे समय से थी जिसे आज धरातल पर उतारा जा रहा है यह सब क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार कई क्षेत्रों में विकास कार्य को निरन्तर आगे बढ़ा रही है जिसके अंतर्गत बहुत जल्द पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण का शिलान्यास किया जाएगा। इसी के साथ किच्छा में सेटेलाईट एम्स का कार्य प्रगति पर है।उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भी देवभूमि उत्तराखंड के सांस्कृतिक मूल्यों और डेमोग्राफी को संरक्षित रखने हेतु संकल्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमने जहां एक ओर प्रदेश में सख्त धर्मांतरण विरोध ी और दंगा विरोधी कानूनों को लागू किया है, वहीं लैंड जिहाद, लव जिहाद और थूक जिहाद जैसी घृणित मानसिकताओं के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की है। श्री धामी ने कहा कि हमने प्रदेश में लैंड जिहाद पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 9 हजार एकड़ से अधिक की सरकारी भूमि को लैंड जिहादियों से मुक्त कराया है। इसके साथ ही अवैध मदरसों को सील करने के साथ ही अवैध संरचनाओ को भी हटाया है। इतना ही नहीं, हाल ही में हमारी सरकार ने राज्य में नया कानून लागू कर मदरसा बोर्ड को भी समाप्त करने का निर्णय लिया है। अब राज्य में एक अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन किया जाएगा, जिससे राज्य के सभी अल्पसंख्यक समुदायों को शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर और उनके संवैधानिक अधिकार सुनिश्चित किए जाएंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ नैनीताल-उधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि सड़कें ही विकास की असली धुरी हैं। यह परियोजना क्षेत्र की जनता के जीवन में बड़ा परिवर्तन लेकर आएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व की कॉंग्रेस सरकार में यह मार्ग भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया जिसकी जाँच होती रही और जनता को समस्या। कई मासूमों को अपनी जान गवानी पड़ी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पूर्व की सरकार की तरह नहीं है, ये आज हमारा देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेर्तत्व में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर में हमारे देश के वीर सैनिकों ने दुनिया को दिखा दिया कि किस तरह 22 मिनट में दुश्मनों के घर मे घुस कर उनको खत्म किया। उन्होंने कहा कि आज हमारा देश दुनिया में चौथें सबसे शक्तिशाली अर्थ व्यवस्था में शामिल हो गया है और बहुत जल्द दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश मोदी जी के और प्रदेश धामी जी के नेर्तत्व में लगातार आगे बढ़ रहा है।कार्यक्रम में माननीय विधायक शिव अरोरा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इस मार्ग के पुनर्निर्माण और चौड़ीकरण की लंबे समय से माँग की जा रही थी। आज यह सपना पूरा हो रहा है। परियोजना के पूर्ण होने पर यह मार्ग आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा और क्षेत्र की कनेक्टिविटी को नई दिशा प्रदान करेगा।इस दौरान भाजपा के प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा एवं जिलाध्यक्ष मनोज पाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर, चेयरमैन मंजीत कौर, सतीश चुघ, मनोज गुम्बर, काबल सिंह, सुरेश खुराना, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता अनिल पांगती, अधिशासी अभियंता गजेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी डॉ अमृता शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और स्थानीय जनता मौजूद रही।





# ज्ञान विहार में भाजपा नेताओं को किया सम्मानित




गदरपुर(उद संवाददाता)। ज्ञान विहार कॉलोनी में सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रदेश मंत्री एवं चंपावत के संगठन प्रभारी गुंजन सुखीजा, नगर पालिका अध्यक्ष मनोज कुमार गुंबर (मिंटू), नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख श्रीमती ज्योति ग्रोवर एवं श्री प्रीत ग्रोवर का फूलमालाओं और शॉल ओढ़ाकर विशेष रूप से सम्मान किया गया। कॉलोनी के सम्मानित निवासी भूपेंद्र चौहान, अशोक भुड्डी, वेद प्रकाश बजाज, जितेंद्र बजाज, सोमनाथ छाबड़ा, कृष्णलाल सुधा, मुनि भुसरी, सतीश कुमार भुड्डी, प्रदीप भुड्डी, संजीव अनेजा, मनोज आहूजा एवं विकास बजाज, प्रमोद बजाज सहित अनेक लोगों द्वारा सम्मान किया गया अपने संबोधन में प्रदेश मंत्री श्री गुंजन सुखीजा ने कहा कि "गदरपुर की यह भूमि मेरे लिए विशेष है। यहाँ के लोगों का स्नेह और आशीर्वाद हमेशा मुझे ऊर्जा देता है। संगठन और सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचाना ही मेरा संकल्प है।" नगर पालिका अध्यक्ष श्री मनोज कुमार गुंबर (मिंटू) ने कहा कि नगर के विकास के लिए मैं दिन-रात कार्य कर रहा हूँ। जनता का सहयोग और विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है।नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख श्रीमती ज्योति ग्रोवर ने कहा कि "महिलाओं और युवाओं के उत्थान के लिए मैं विशेष योजनाओं को प्राथमिकता दूँगी। आपके आशीर्वाद से हर चुनौती को अवसर में बदलने का प्रयास करूंगी। वहीं, प्रीत ग्रोवर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गदरपुर की जनता ने मुझे जो सम्मान और विश्वास दिया है, उसे मैं कभी नहीं भूलूंगा। क्षेत्र की समस्याओं का समाधान मेरा पहला कर्तव्य होगा। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना द्वारा किया गया।

# पेपर लीक मामले को लेकर सौंपा ज्ञापन



गदरपुर। आम आदमी पार्टी द्वारा प्रदेश के राज्यपाल महोदय को संबोधित पांच सूत्रीय एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी गदरपुर के माध्यम से भेजा गया । आम आदमी पार्टी के लिए वरिष्ठ नेता और बंगाली समाज मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष व्यापारी के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने तहसील मुख्यालय में माननीय उप जिलाधिकारी को यूकेएसएसएससी परीक्षा लीक मामले में ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि यूकेएसएसएससी पेपर लीक होने से उत्तराखंड के हजारों बेरोजगार युवाओं की वर्षों से की गई तैयारी को गहरा धक्का लगा है अनेक युवाओं के मानसिक अवसाद के शिकार होने की संभावना है और वह अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं भर्ती परीक्षा के पेपर लीक होने से पूरी परीक्षा व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है । युवा अपने भविष्य को लेकर चिंतित है उत्तराखंड में प्राकृतिक आपदा से वैसे ही लोग पीड़ित हैं और आर्थिक रूप से भी कमजोर हो रहे हैं । परीक्षा की तैयारी से लेकर परीक्षा होने तक बड़ी मुश्किल से धन जुटाकर परीक्षा देने आते हैं फिर चणयंयदि परीक्षा व्यवस्था में पेपर लीक होने जैसा कृत्य होता है तो युवा सरकार पर कैसे भरोसा करेंगे ? छात्र हित में उनके द्वारा पांच सूत्री ज्ञापन में यूकेएसएसएससी पेपर लीक की निष्पक्ष जांच माननीय हाई कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में सीबीआई से करवाने ,दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने ,भविष्य में भर्ती परीक्षा में किसी प्रकार की धांधंली ना हो सुनिश्चित किए जाने, यू के एसएसएससी परीक्षा में छात्रों की आर्थिक क्षति का आकलन कर भरपाई सरकार द्वारा किए जाने, एक माह की निर्धारित समय सीमा में जांच प्रक्रिया पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किए जाने की मांग शामिल है । इस मौके पर सुभाष व्यापारी के अलावा भक्त दास ,राघवेंद्र सिंह ,प्रवीण, पंकज कुमार, रमेश कुमार ,मनोरंजन साना, मनजीत सिंह ,अमित, सुशील कुमार, गौरांग ,शेखर, सुनील भास्कर सहित तमाम लोग शामिल रहे ।

# महापौर ने एलायंस कॉलोनी में किया सड़क का शिलान्यास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। महापौर विकास शर्मा ने वार्ड नंबर 31 स्थित एलायंस कॉलोनी में सी और डी ब्लॉक को जोड़ने वाली सड़क एवं पार्क के चारों ओर इंडिरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा भी मौजूद रहे। शिलान्यास कार्यक्रम में महापौर ने विधिवत नारियल फोड़कर कार्य की शुरुआत की। कॉलोनीवासियों ने महापौर का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया और मिष्ठान वितरण कर खुशी जताई।इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि मात्र सात माह के कार्यकाल में शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए कई ठोस कदम उठाए गए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से शहर में कई बड़े प्रोजेक्ट जल्द शुरू होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि नैनीताल हाईवे पर लंबे समय से लग रहे जाम से निजात दिलाने के लिए सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो चुका है, जबकि काशीपुर बाईपास के चौड़ीकरण का काम त्यौहारों के बाद शुरू होगा।महापौर ने आगे बताया कि त्योहारी सीजन से पहले यातायात सुधार के लिए जरूरी बदलाव किए जा रहे हैं, जिससे व्यापारियों और आम जनता को सुगम यातायात व्यवस्था का लाभ मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि रूद्रपुर में इंदौर की तर्ज पर आधुनिक ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम लागू करने की योजना पर तेजी से कार्य हो रहा है, जिससे शहर में ट्रैफिक नियंत्रण और निगरानी बेहतर होगी। महापौर ने नगर निगम की कार्यप्रणाली को अधिक सुगम और जनोन्मुखी बनाने के लिए जोनल कार्यालय खोलने की योजना का भी उल्लेख किया। फिलहाल दो जोनल कार्यालय कार्यरत हैं और दो अन्य शीघ्र ही शुरू किए जाएंगे, जिससे लोग छोटी शिकायतों या कार्यों के लिए मुख्यालय के चक्कर नहीं काटेंगे। विकास शर्मा ने कहा कि नगर निगम की हर योजना और हर कदम जनहित को समर्पित है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि रूद्रपुर को एक मॉडल सिटी बनाने के लिए वह निरंतर प्रयासरत हैं।इस अवसर पर राकेश नागपाल, राजकुमार चौधरी, राजेश बलदेव मुंजाल, जोगिंदर सिंह, मनु खुराना, गुरदीप सिंह, शक्ति बठला, चरण दास बठला, डॉक्टर ए के श्रीवास्तव, एसके अरोरा, परमजीत सिंह, सतीश खुग्गर, अजय अग्रवाल, महेंद्र गोयल, सार्थक गोयल, रमेश ढींगरा, गुरमीत सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।




# स्टार हाउस प्रोडक्शन ने आयोजित की प्रतियोगिताएं

हल्द्वानी। स्टार हाउस प्रोडक्शन की पूजा प्रीत और नीकिता द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विजेताओं को बेस्ट डाडिया कपल, बेस्ट डॉंडिया क्वीन एंड किंग, बेस्ट अटायर, बेस्ट पर्सनैलिटी, बेस्ट किड, बेस्ट चार्मिंग फेस, बेस्ट डाडिया ग्रुप, बेस्ट सोलो डांस, बेस्ट किड डांसर के खिताबों से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे महापौर गजराज बिष्ट व विशिष्ट



अतिथि के रूप में हरिमोहन अरोड़ा, रेनू अधिकारी, जोगेंद्र सिंह रौतेला, प्रकाश रौतेला, पीहू कौर, सुनील जोशी, राजीव वर्मा, सलोनी वर्मा, आशीष तिवारी, जीतू नेगी , बलजीत सिंह चड्ढा, प्रमोद बोरा, बेला तोलिया, चंदन नेगी, कनक चंद मौजूद रहे। इस दौरान भूमिका गोयल, शांति जीना, विद्या महतोलिया, अलका जीना, खुशबू गुप्ता, जोशना सिंह, अभय कुमार, योगिता बनोला, पवन कार्की,सीमा भटनागर, तरुण सक्सेना , अक्षरा शर्मा , राधिका शर्मा दीप्ति तिवारी, तानीया भोला, नीरज वर्ष्णेय, प्रदीप पाठक, जानवी भोला, मीना सती ,दीप्ति चौफाल , दीप्ति कांडपाल आदि उपस्थित रहे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# लद्दाख में हिंसा

किसी भी विरोध प्रदर्शन में अगर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगें सामने रखी जाएं, तो उसके अंजाम तक पहुंचने और सर्वमान्य हल निकलने की उम्मीद की जा सकती है। विडंबना यह है कि कई बार मुद्दे सुलगते रहते हैं और सरकार को वक्त पर उसका समाधान निकालने की जरूरत महसूस नहीं होती। वहीं लंबे वक्त तक टालमटोल या कोताही आखिरकार असंतोष की स्थिति पैदा करती है। फिर जब प्रतिक्रिया का स्वरूप अनियंत्रित और अराजक होता है, तब कई बार उसे संभालना मुश्किल हो जाता है। लेह में बुधवार को हुई हिंसा इन्हीं स्थितियों का नतीजा लगती है।गौरतलब है कि लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और संविधान के अनुच्छेद 244 के तहत छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर लेह में लोग आंदोलन पर उतरे हुए थे। पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी दो हफ्ते से भूख हड़ताल पर थे। मगर बुधवार को यह प्रदर्शन हिंसक हो उठा और लोगों ने भाजपा कार्यालय को भी आग के हवाले कर दिया। इसके बाद पुलिसकर्मियों के साथ हुई झड़पों के दौरान कई की जान चली गई और काफी लोग घायल हो गए।सवाल है कि अपनी मांगों के साथ कई दिनों से शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे लोगों के सामने आखिर कैसी स्थिति पैदा हुई कि उन्होंने हिंसक रास्ता अख्तियार कर लिया। पिछले कई दिनों से वहां जैसे शांतिपूर्ण हालात थे, उसमें अराजकता को अचानक उपजी किसी स्थिति का नतीजा मानना थोड़ा मुश्किल लगता है। खासतौर पर जब पूर्ण राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल करने का सवाल नया नहीं हो। इसके अलावा, लेह और करगिल के लिए अलग-अलग लोकसभा सीटें तय करने और रोजगार में आरक्षण की मांग भी अहम मुद्दे हैं। दरअसल, अनुच्छेद 370 खत्म होने के बाद केंद्र सरकार की ओर यह आश्वासन दिया गया था कि लद्दाख को राज्य का दर्जा दिया जाएगा। इस बात को करीब पांच वर्ष हो गए, लेकिन अब भी इस पर स्थानीय समूहों- लद्दाख एपेक्स बाडी और करगिल लोकतांत्रिक गठबंधन के साथ सिर्फ बातचीत ही चल रही है। आखिर केंद्र सरकार की घोषणाओं के समांतर लद्दाख के लोगों की स्पष्ट मांगों के बावजूद सबसे संवेदनशील और जरूरी मुद्दों पर बातचीत के जरिए शांतिपूर्ण तरीके से हल निकालने को लेकर सहमति बनाने को प्राथमिकता क्यों नहीं दी गई?

# भव्य राम बारात का जगह-जगह हुआ स्वागत

किच्छा(उद संवाददाता)। नवयुवक कला केंद्र किच्छा के तत्वावधान में भव्य राम बारात का आयोजन किया गया। परंपरागत धार्मिक धूमधाम के साथ निकाली गई इस बारात में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। बारात की शुरुआत पुरानी गल्ला मंडी से हुई, जहां से राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान सहित अन्य पात्रों से सजी झांकी को नगरवासियों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना किया। राम बारात नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकली। यात्रा महाराणा चौक, दीदी चौक, आवास विकास और मुख्य बाजार से गुजरी। जगह-जगह स्थानीय व्यापारियों, समाजसेवियों और श्रद्धालुओं ने बारात का भव्य स्वागत किया। लोगों ने फूल बरसाकर और मिठाई बांटकर भगवान श्रीराम के इस दैवीय स्वरूप का अभिनंदन किया। बाजार मार्ग पर कई स्थानों पर भजन-कीर्तन और धार्मिक ध्वनि के बीच बारात का अभिनंदन हुआ। राम बारात जब गैस एजेंसी रोड पर स्थित नरेश कश्यप के आवास पर पहुंची तो वहां पर विशेष रूप से बारात का स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने मिलकर जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण को गूंजायमान कर दिया। स्वागत उपरांत धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर बारात की विधिवत विदाई की गई। इस मौके पर नगर में धार्मिक उत्सव जैसा माहौल रहा। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सभी राम बारात को देखने के लिए मार्गों के दोनों ओर खड़े नजर आए। बारात में शामिल झांकियों और वाद्ययंत्रों ने आयोजन को और अधिक आकर्षक बना दिया।




# स्थानांतरण के बावजूद नहीं हुए कार्यमुक्त, उठे सवाल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।जनपद ऊधम सिंह नगर के सहकारिता विभाग में स्थानांतरण आदेशों की अनदेखी और अवहेलना को लेकर विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। शासन द्वारा तीन माह पूर्व जारी तबादला आदेश के बावजूद कुछ अधिकारी अब तक कार्यमुक्त नहीं हुए हैं, जिससे शासनादेश की निष्पक्षता पर भी प्रश्नचिह्न लग रहा है। मामले में सबसे प्रमुख नाम सहायक विकास अधिकारी सहकारिता (एडीओ) रुचि शुक्ला का है, जो बीते 7 से 8 वर्षों से लगातार जिले में तैनात हैं। जबकि शासन की स्थानांतरण नीति के अनुसार, किसी भी अधिकारी को एक ही जनपद में अधिकतम तीन वर्ष तक ही कार्यरत रहने की अनुमति होती है। सूत्रों के अनुसार, शासन ने रुचि शुक्ला का स्थानांतरण तीन माह पहले ही कर दिया था, लेकिन इसके बावजूद उन्हें अब तक कार्यमुक्त नहीं किया गया है। विभागीय अधिकारियों द्वारा जानबूझकर कार्यमुक्ति न देने के पीछे "चहेतों को संरक्षण देने" की मंशा जताई जा रही है। स्थानीय लोगों और विभागीय सूत्रों का कहना है कि प्रभारी अधिकारी शासनादेशों को ताक पर रखकर अपनी पसंद के अधिकारियों को लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। इससे न केवल शासन की पारदर्शी स्थानांतरण नीति की अवहेलना हो रही है, बल्कि विभाग में भ्रष्टाचार और पक्षपात के आरोप भी पनप रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर निबंधक सहकारी समितियां उत्तराखंड, श्री आनंद एडी शुक्ला ने संज्ञान लेते हुए समस्त जनपद सहकारिता विभागों को पत्र जारी किया है। पत्र में उन्होंने स्पष्ट किया कि वार्षिक स्थानांतरण अधिनियम 2017 के अंतर्गत स्थानांतरित कार्मिकों को अब तक कार्यमुक्त न करना स्पष्ट रूप से शासनादेश की अवहेलना है। उन्होंने निर्देशित किया कि स्थानांतरित सभी अधीनस्थ कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त किया जाए और इस संबंध में कार्रवाई से विभाग को अवगत कराया जाए।

# दिल्ली विश्वविद्यालय की शोध टीम ने रामलीलाओं का किया गहन अध्ययन

गदरपुर(उद संवाददाता)। दिल्ली विश्वविद्यालय की शोध टीम, इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च के रिसर्च प्रोग्राम के अंतर्गत, उधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर, गदरपुर और दिनेशपुर की पुरानी और चर्चित रामलीला समितियों का सांस्कृतिक तथा ऐतिहासिक अध्ययन कर रही है। यह अध्ययन प्रोफेसर पुनीता गुप्ता के निदेशन में रिसर्च एसोसिएट डॉ. चंद्रशेखर बधानी एवं फील्ड इन्वेस्टिगेटर इन्द्रजीत सिंह बिष्ट द्वारा सम्पन्न किया जा रहा है। शोधकर्ताओं ने इन क्षेत्रों की रामलीला आयोजनों की ऐतिहासिकता, मंचनशैली और सामाजिक महत्व को समझने के लिए विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों से संवाद किया। रुद्रपुर में आशीष ग्रोवर, गौरव राज बेहड़ और जगदीश जग्गी, गदरपुर में संजीव नागपाल, जयकिशन अरोड़ा,रविन्द्र बजाज, अशोक धीर, अंकुर चावला और दिनेशपुर में अशोक कालड़ा, मन्नी बाठला से मिलकर रामलीला की विभिन्न पारंपरिक पहलुओं, मंच संचालन, महिला



सहभागिता, लोकगीत, नृत्य और दृश्य प्रभावों की सूक्ष्म जानकारी जुटाई गई। गदरपुर की शिव मंदिर रामलीला कमेटी में महिलाओं की मंच संचालन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में सक्रिय भागीदारी दर्शनीय है। मंचन से पूर्व प्रतिदिन राष्ट्रगान का आयोजन, देशभक्ति की अनूठी मिसाल के रूप में देखा जा रहा है। विगत 21 वर्षों से रावण की भूमिका निभा रहे श्री संजीव नागपाल जी ने बताया कि संवादों में 'रावण संहिता' के प्रसंगों को विशेष रूप से शामिल किया जाता है, जिससे भूमिका में गहराई आ सके। गदरपुर की सबसे प्राचीन श्री रामलीला कमेटी अनाज मंडी के पदाधिकारी इस पर खुशी जाहिर करते हैं कि इस संस्कृति को वहां की नई पीढ़ी भी धरोहर के रूप में सहेज रही है, जिसे आजादी के बाद पाकिस्तान से आए सनातनी परिवारों ने स्थापित किया था। शोध टीम ने पाया कि इन सभी रामलीलाओं में स्थानीय समुदाय, महिलाओं, एवं युवाओं की भागीदारी अत्यंत उत्साहजनक है। संस्था ने उत्तराखंड के 10 जनपदों में रामलीलाओं का अध्ययन कर महत्वपूर्ण तथ्य एवं सांस्कृतिक पक्ष संकलित किए हैं। डॉ. चंद्रशेखर बधानी ने इस सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि इसके बाद टीम काशीपुर और खटीमा के बाद बागेश्वर जनपद में शोध यात्रा के लिए प्रस्थान करेगी। इस अध्ययन से क्षेत्रीय सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक सहभागिता और परंपराओं के संरक्षण को नई दिशा मिलेगी।

# रोडवेज बस और हाइड्रा की भिड़ंत

गदरपुर(उद संवाददाता)।मेंन रोड स्थित अशोका रेस्टोरेंट के सामने गुरुवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया, जब यात्रियों से भरी एक उत्तराखंड रोडवेज बस यूके 04पीए 1087 की सामने से आ रहे हाइड्रा वाहन से भिड़ंत हो गई। बस रुद्रपुर से बरेली जा रही थी, जबकि हाइड्रा काशीपुर की ओर से आ रहा था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का फ्रंट शीशा चकनाचूर हो गया और छत को भी नुकसान पहुंचा। हालांकि गनीमत रही कि सभी यात्री सुरक्षित बाहर निकल आए और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद मौके पर



पहुंचे लोगों ने हाइड्रा चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि हाइड्रा वाहन विद्युत विभाग के ठेकेदार ओम प्रकाश अरोड़ा का है। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर चालक से पूछताछ शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक चालक हिरासत में था और मामले में विधिक कार्रवाई जारी थी।

# खेलों से होता है युवाओं का शारीरिक और मानसिक विकास: मिश्रा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन फौजी मटकोटा जूनियर हाई स्कूल में किया गया। जिसमें एक से कक्षा 5 तक प्राइमरी एवं कक्षा 6 से 8 तक जूनियर दो भागों में बांटा गया था जिसमें 50, 100,200 500,600 मीटर की दौड़ की गई जिसमें बालिकाएं अलग और बालक अलग थे इसके साथ खो खो,कबड्डी,ऊंची कूद, लम्बी कूद का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा टिंकू ने विधिवत रूप से फीता काट और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया । उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं से युवा शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते हैं और उनका मानसिक विकास भी होता है। श्री मिश्रा ने कहा कि आज गांव से निकलकर खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद बेहद आवश्यक हैं। शिक्षा और खेलों से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है उन्होंने खेल प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता रहे खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया ।सभी खेलों में बालक और बालिकाओं को अलग-अलग भागों में बांटा गया था ।जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वालों को मेडल व पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया । प्रतियोगिता में पूरे ब्लॉक के सभी प्राइमरी व जूनियर हाई स्कूल के बच्चे मौजूद थे।इस प्रतियोगिता के ब्लॉक खेल समन्वयक प्राचार्य नवीन पांडे थे। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी स्वाद आलम, ज्ञान सिंह चौहान, कैलाश सक्सेना, विकास शर्मा ,राजेंद्र भाकुनी , अनिल रावत, राजीव चौहान, कैलाश वर्मा, शैलेश जोशी, आलोक राय ,जीवन नेगी, मदन लोधी, खेमकरण सिंह, अजीत मिश्रा ,बाबू मजूमदार, अनुज शर्मा ,गोविंद कोरंगा, रंजित राना, वीरेंद्र बिष्ट, केके कर, जीवन ,गायत्री पांडे, कमलेश शर्मा विनय द्विवेदी अनीता रावत, सोनी यादव, संगीता सक्सेना, अनामिका, कुसुम शर्मा, रजनी भट्ट ,वीणा गुप्ता समेत तमाम लोग मौजूद थे।



# सुमंत की हुई अयोध्या में वापसी ,राम के वियोग में दशरथ ने त्यागे प्राण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री शिव नाटक क्लब द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के सातवें दिन लीला का शुभारंभ भा ज पा ओ बी सी मोर्चा के उपाध्यक्ष उपेन्द्र चौधरी,कोमल चौधरी एवं जे पी एस कलर लैब के स्वामी ,समाजसेवी जगदीश टंडन जी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपेंद्र चौधरी ने प्रभु की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि राम जी के जीवन से हमें बहुत प्रेरणा मिलती है, उन्होंने कहा कि जीवन में आने वाली कठिनाइयों को ना देखते हुए हमें उत्तम जीवन जीने के लिए वर्तमान पर ध्यान देना चाहिए और आनंदमय जीवन जीना चाहिए और राम जी के आदर्शों पर



चलकर अपने जीवन को उत्तम बनाना चाहिए ,जगदीश टंडन ने इस भव्य आयोजन पर श्री शिव नाटक क्लब को बधाई प्रेषित की है । श्री शिव नाटक क्लब के पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों को अंग वस्त्र पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। रामलीला के मंचन में सुमंत की अयोध्या में वापसी,दशरथ मरण, भरत की अयोध्या में वापसी, भरत केकई संवाद, भरत कौशल्या संवाद और श्री राम भरत मिलाप तक की लीला का मंचन किया गया जिसमें दशरथ की भूमिका गौरव गांधी,सुमंत विशाल गुंबर, कौशल्या आदित्य कुमार, सुमित्रा सुमित कुमार ,कैकेई भारत हुडिया,भरत सनी घई, शत्रुघ्न विशांत भसीन, वशिष्ठ पुष्कर नागपाल, राम गौरव अरोरा, लक्ष्मण रवि कक्कड़ ,सीता नैतिक तनेजा,मामा पंकज कालरा द्वारा की गई । मंच संचालन जॉली कक्कड़ द्वारा किया गया । आज रात्रि के मंचन में स्वरूपनखा नकटी, खार दूषन वध, रावण दरबार ,रावण मारेच संवाद तक के लीला का मंचन किया जाएगा। श्री शिव नाटक क्लब के अध्यक्ष जगदीश सुखीजा ने सभी राम भक्तों से श्री रामलीला के मंचन को देखे हेतु अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह किया है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर संगोष्ठी आयोजित

खटीमा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन खटीमा के थारू भवन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उत्तराखण्ड सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री सौरभ बहुगुणा उपस्थित रहे। संगोष्ठी का शुभारंभ श्री बहुगुणा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन दर्शन एवं अंत्योदय की भावना पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी ने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने का सपना देखा था। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के "लोकल फॉर वोकल" के आह्वान को दोहराते हुए कहा कि हमें उत्तराखण्ड में बने उत्पादों



को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने अंचल डेरी के दुग्ध एवं पनीर जैसे उत्पादों का उल्लेख करते हुए स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग पर बल दिया। साथ ही प्रदेश में चल रहे महिला सशक्तिकरण अभियानों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का संपूर्ण जीवन समाज की सेवा को समर्पित रहा। उनका एकात्म मानववाद का दर्शन आज भी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए पथप्रदर्शक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आत्मनिर्भर भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने में सहयोग करें। कार्यक्रम के दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और वृक्षारोपण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या, नगर पालिका अध्यक्ष रामु जोशी, जिला महामंत्री तरुण दत्ता, जिला महामंत्री रमेश जोशी,जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक अमित पांडेय,जिला उपाध्यक्ष इंद्रपाल मान, कोषाध्यक्ष रोशन अरोड़ा, जिला मंत्री प्रमोद मित्तल, जिला कार्यालय मंत्री मोर सिंह यादव, जिला मीडिया संयोजक विजय तोमर ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीकांत राठौर,मण्डल अध्यक्ष बलदेव भाटिया,नीता सक्सेना, आदेश ठाकुर, मंडल एवं मोर्चा के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लव जिहाद के खिलाफ निकली रैली

रामनगर(उद संवाददाता)।रामनगर में हाल ही में सामने आए कथित लव जिहाद प्रकरण के विरोध में शुक्रवार को हिंदूवादी संगठनों द्वारा एक बड़ी जन जागरूकता आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। मामले को लेकर क्षेत्र का सामाजिक और राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है, जबकि प्रशासन ने पूरी सतर्कता के साथ शांति व्यवस्था बनाए रखी। रैली का नेतृत्व कर रहे हिंदू संगठन के नेता मदन जोशी ने इस अवसर पर



कहा कि पिछले सप्ताह की घटना ने क्षेत्र की शांति को भंग किया है। एक हिंदू किशोरी को गुमराह कर उसके साथ गलत कृत्य किया गया। ऐसे मामले हमारी संस्कृति और सामाजिक ताने-बाने पर सीधा हमला हैं। उन्होंने राज्य सरकार से आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाकर कठोर कार्रवाई करने की मांग की ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि रामनगर जैसे शांत क्षेत्र में बार-बार इस प्रकार की घटनाएं होना गंभीर चिंता का विषय है। रैली में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय नागरिक, महिलाएं, युवा, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हुए। रैली की शुरुआत पीएनजी पीजी कॉलेज से हुई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई सभा स्थल पर पहुंची। हाथों में पोस्टर, बैनर और नारों के माध्यम से लोगों ने अपने आक्रोश और मांगों को सार्वजनिक किया। रैली के दौरान महिलाओं को जागरूक करने पर विशेष बल दिया गया। आयोजकों ने कहा कि समाज को सतर्क और सजग करने की आवश्यकता है। रैली के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई थी ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। तमाम आक्रोश और नारों के बावजूद रैली शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। हिंदू संगठनों ने राज्य सरकार को चेतावनी दी कि यदि इस मामले में जल्द कड़ी कार्रवाई नहीं होती, तो आंदोलन को और अधिक उग्र रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी मांग स्पष्ट है आरोपी के विरुद्ध सख्त से सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि कानून का डर समाज में बना रहे।

# सूर्पनखा नासिक छेदन व खरदूषण वध की लीलाओं का किया मंचन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।श्री रामलीला के अष्टम दिवस अगस्त मुनि आगमन, पंचवटी, सूर्पनखा नासिक छेदन, खरदूषण वध आदि लीलाओं का सुंदर व अलौकिक मंचन किया गया। व्यास पुष्कर दत्त शास्त्री द्वारा रामचरितमानस का सुंदर प्रस्तुतीकरण किया गया।रामलीला में गुरुवार को व्यास पूजन विनीत अग्रवाल,



योगेश शर्मा, तनुज गुप्ता ने किया। रामलीला समिति के सदस्यों में विवेक कश्यप, अतुल अग्रवाल, भवानी शंकर, अमित जोशी आदि ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। आकृति समिति, प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल महिला प्रकोष्ठ, पंजाबी वूमेंस क्लब, ऑल इंडिया वूमेन्स कॉन्फ्रेंस, पुनर्नवा महिला समिति, एन.सी.डब्ल्यू.डी.सी. संस्था की सेवा रही। इस अवसर पर आशा शुक्ला, सीमा देवल, शर्मिला मिश्रा, शांति जीना, लता बोरा, चंपा त्रिपाठी, विमला सांगुड़ी, अर्चना गुलाटी, कनिका वासुदेवा आदि लोग उपस्थित रहे।आज शबरी आश्रम, श्री राम सुग्रीव मित्रता, बाली वध होगा।

# पूर्व विधायक ठुकराल ने श्रीमद् भागवत कथा में लिया आशीर्वाद

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। महाकाल सेवा समिति की ओर से किच्छा रोड रामनगर स्थित श्री दुर्गा मंदिर में आयोजित सार्वजनिक संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पहुंचकर कथा श्रवण किया और आयोजन को सामाजिक व आध्यात्मिक चेतना का उत्तम माध्यम बताया। उन्होंने व्यास गद्दी पर विराजमान वृंदावन से पधाारी देवी सिया दासी जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन समिति की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कथा में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथावाचक देवी सिया दासी ने श्रीकृष्ण के जीवन, उनके बाल्यकाल की लीलाओं और गीता उपदेश के माध्यम से भक्तों को धर्म, भक्ति और कर्म की महत्ता समझाई। इस अवसर पर



पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा श्रीमद् भागवत कथा मात्र एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह हमारी सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता और आत्मिक शुद्धि का जीवंत उदाहरण है। आज जब समाज में भागदौड़ और तनाव का माहौल है, ऐसे आयोजनों के माध्यम से शांति, श्रद्धा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। श्रीकृष्ण का जीवन हमें यह सिखाता है कि धर्म और सत्य के मार्ग पर चलना ही सच्ची भक्ति है। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि गांव में इस तरह के आयोजन सांस्कृतिक चेतना को जागृत करते हैं और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे भागवत कथा जैसे धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित होकर अपने जीवन को सकारात्मक दिशा दें। इस अवसर पर पंकज पाण्डेय, रामकुमार, जितेंद्र तिवारी, ब्रजेश पाण्डेय, मयंक तिवारी, रामु चतुर्बेदी, धुरु देव, अनिल यादव, रामबिलास, सुभेन्दु परासर, सतपाल, राजेश मिश्रा, ब्रामदेव तिवारी, किरन तिवारी, ममता पाण्डेय, संगीता, रेनू परासर, संदीप कुशवाहा, राकेश सिंह, शंभू नाथ, प्रताप सिंह, आभा सिंह आदि थे।

# महिला ने पति पर मारपीट और अपहरण की कोशिश का लगाया आरोप

रुद्रपुर। कोतवाली क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति पर सार्वजनिक स्थान पर मारपीट करने और जबरन अपहरण का प्रयास करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, किच्छा निवासी वैशाली ने कोतवाली रुद्रपुर में दर्ज कराई शिकायत में बताया कि उसका पति शिवम कुमार, निवासी मैनपुरी (उत्तर प्रदेश), से पारिवारिक विवाद चल रहा है, जो कि वर्तमान में माननीय न्यायालय रुद्रपुर में विचाराधीन है।वैशाली ने बताया कि दिनांक 23 सितंबर 2025 को वह अपने परिवार के साथ गांव गई थी और लौटते समय रुद्रपुर स्थित अपने ताऊ के घर कुछ सामान देने आई। शाम लगभग 6:00 बजे जब वह रुद्रपुर बस स्टेशन पर किच्छा लौटने के लिए बस का इंतजार कर रही थी, तभी उसका पति शिवम तीनख्रचार लोगों के साथ वहां आया और मारपीट करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा।पीड़िता के अनुसार, आरोपित ने उसे जबरन घसीटते हुए अपहरण करने की कोशिश की। वैशाली ने मदद के लिए चिल्लाना शुरू किया, तो वहां मौजूद लोगों ने नजदीक तैनात पुलिसकर्मियों को सूचित किया। तत्पश्चात पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को कोतवाली ले जाया गया।वैशाली ने तहरीर में यह भी उल्लेख किया है कि शिवम पूर्व में भी उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे चुका है, जिसकी शिकायत पहले ही न्यायालय और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को की जा चुकी है। महिला का कहना है कि शिवम एक अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जिस पर मैनपुरी में पहले से कई मुकदमे विचाराधीन हैं।पीड़िता का आरोप है कि शिवम ने धमकी देते हुए कहा कि, "मुझे रुद्रपुर से पुलिस प्रोडक्शन मिली हुई है, तुम मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते। मौका मिला तो उठा कर ले जाऊंगा और ऐसी जगह मार कर फेंक दूंगा कि किसी को पता भी नहीं चलेगा। कोतवाली रुद्रपुर में तैनात हेड कांस्टेबल संतोष कुमार ने तहरीर की पुष्टि करते हुए बताया कि इसे मौखिक रूप से बोलकर महिला कांस्टेबल प्रियंका द्वारा कम्प्यूटर में दर्ज कराया गया है। महिला की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर आरोपित के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## पेज एक का शेष...

**देहरादून में लगे...**सरकार को कमजोर करना रहा है। यही वजह है कि धामी सरकार की पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया और पिछले चार साल में 25 हजार युवाओं को मिली नौकरियां भी अब इस आंदोलन के निशाने पर आ गई हैं। फिलहाल परेड ग्राउंड के आसपास माहौल गर्म है। पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में है और इस बात पर नजर रखी जा रही है कि आंदोलन में शामिल नए चेहरे कहां से आए हैं और उनका एजेंडा क्या है।

**डबल इंजन सरकार..**सक्रियता ने व्यापारियों की उम्मीदें फिर से जगा दी हैं। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि व्यापारी शहर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उनकी रोजी-रोटी सुरक्षित रखना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। वहीं विधायक शिव अरोड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने व्यापारियों की पीड़ा को समझा और सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ उनके हितों की रक्षा करेगी। अब दीपावली से पहले काशीपुर बायपास रोड के व्यापारियों को राहत का यह तोहफा मिलने की उम्मीद है। प्रशासनिक स्तर पर प्रक्रिया पूरी होते ही सड़क चौड़ीकरण का काम कानूनी दायरे में रहकर किया जाएगा। काशीपुर बायपास सड़क के चौड़ीकरण को लेकर फिलहाल दीपावली से पहले कोई भी अतिक्रमण नहीं हटाया जाएगा इस पर अगला कदम दीपावली के बाद ही अमल में लाया जाएगा। केरल रुद्रपुर की डबल इंजन सरकार के प्रयासों के चलते काशीपुर बायपास रोड के व्यापारियों को बहुत बड़ी राहत मिलने वाली है जो दीपावली के बहुत बड़े तोहफे के रूप में होगी।

**आरोपी खालिद की ..**तैनात परियोजना निदेशक के. एन. तिवारी को निलंबित कर दिया गया है। वहीं पुलिस विभाग के एक उपनिरीक्षक और एक कांस्टेबल को भी सस्पेंड कर दिया गया है। गौरतलब है कि कल ही मुख्यमंत्री धामी ने इस मामले में विशेष अन्वेषण दल (एसआईटी)के गठन की घोषणा की थी। एसआईटी का नेतृत्व एएसपी जया बलूनी करेंगी, जबकि इसकी निगरानी माननीय उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश के हवाले होगी। धामी सरकार ने दो टूक कहा है कि भर्ती परीक्षाओं की पारदर्शिता और युवाओं की मेहनत की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। नकल या भ्रष्टाचार से जुड़ा कोई भी तत्व कानून के शिकंजे से बच नहीं पाएगा।

**बेकाबू कार की टक्कर...**कौर व रमेश गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलने पर परिजन सुरजीत को उपचार के लिए गदरपुर सरकारी चिकित्सालय में ले गये जहां से उसे अन्यत्र रैफर कर दिया गया। लेकिन सुरजीत कौर ने दूसरे चिकित्सालय ले जाते मार्ग में ही दम तोड़ दिया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतका सुरजीत कौर अपने पीछे एक पुत्री और दो पुत्रों को छोड़ गई हैं। घटना के बाद परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों ने चिकित्सकों पर उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि वाहन और चालक की पहचान की जा सके। पुलिस का कहना है कि परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं घायल रमेश का चिकित्सालय में उपचार चल रहा है।

**आईपीएस रचिता...**अधिकारी हैं। उन्होंने मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन को वीआरएस के लिए आवेदन भेजा था। रचिता वर्तमान में सतर्कता विभाग में पुलिस अधीक्षक पद की जिम्मेदारी संभाल रही थी। वह अपनी सेवा के दौरान कई महत्वपूर्ण पदों पर रही हैं। उन्होंने राजभवन में राज्यपाल के एडीसी का भी दायित्व निभाया। यहां से वह इंटेलीजेंस ब्यूरो में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर रहीं। अचानक सोशल मीडिया पर उनके इस्तीफे की खबरें वायरल होने लगी थी। वीआरएस के पीछे उन्होंने निजी और पारिवारिक कारण बताए हैं। हालांकि सूत्रों का कहना है कि निजी क्षेत्र में बेहतर संभावनाओं को देखते हुए रचिता ने सरकारी सेवा छोड़ने का निर्णय लिया है।

**बेरोजगारों का धरना जारी...** है। कहा, प्रदेश की सत्तारूढ़ भाजपा सरकार ने राज्य के युवाओं को धोखा दिया है। पिछले साढ़े आठ साल से भाजपा राज में राज्य सरकार के सभी विभागों में भर्तियां बंद पड़ी हैं और जहां भर्तियों के लिए कोई परीक्षा आयोजित की जाती है, वहां पेपर लीक हो जाता है।

**साईबर ठगों ने ...**जांच कराकर रकम वापस दिलाने की मांग की है। तहरीर को पुलिस ने सीसीटीएनएस सिस्टम पर दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की जांच साइबर सेल की मदद से की जाएगी। बैंक से भी लेन-देन से संबंधित विस्तृत विवरण मंगाया जा रहा है। घटना के बाद स्थानीय व्यापारी वर्ग में भी चिंता का माहौल है। सभी ने बैंकिंग सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने की मांग की है।

**अज्ञात वाहन की...**और उसका चालक फरार बताया जा रहा है। पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों से वाहन की पहचान की कोशिश की जा रही है। वहीं गांव में इस दुखद घटना के बाद शोक की लहर है।

# पेपर लीक मामले में पूर्व विधायक ने दिया सांकेतिक धरना

सितारगंज(उद संवाददाता)।उत्तराखंड में सरकारी नौकरी के पेपर लीक होने की घटनाओं को लेकर पूर्व विधायक नारायणपाल ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सितारगंज में प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि हर बार जब सरकारी परीक्षाएँ होती हैं, तब पेपर लीक हो जाते हैं, जिससे राज्य के युवा बेरोजगारी की मार झेलते हैं।सितारगंज विधानसभा से बसपा के पूर्व विधायक रहे नारायणपाल ने स्पष्ट कहा कि चाहे पटवारी की परीक्षा हो या कोई अन्य भर्ती, हमेशा युवा पीड़ित होते हैं और उन्हें नौकरी पाने का मौका नहीं मिलता। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि ऐसे दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और ऐसे लोगों में कानून का भय पैदा किया जाए, ताकि भविष्य में पेपर लीक जैसी घटनाएँ रोकी जा सकें। नारायणपाल ने प्रदेश सरकार को बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के लिए सक्रिय कदम उठाने का आह्वान किया और कहा कि सरकार की लापरवाही युवाओं के साथ विश्वासघात के समान है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब समय आ गया है कि उत्तराखंड के युवाओं के साथ न्याय सुनिश्चित किया जाए और उन्हें उनके हक की नौकरी मिले।ओर प्रदेश से बेरोजगारी खत्म की जा सके।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)




# भाजपा प्रदेश संगठन ने चुघ पर जताया भरोसा, सौंपी जिम्मेदारी

## भाजपा प्रदेश संगठन ने चुघ पर जताया भरोसा, सौंपी जिम्मेदारी



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश संगठन ने विगत दिवस रुद्रपुर के वरिष्ठ युवा भाजपा नेता भारत भूषण चुघ की पार्टी में लंबे समय से सक्रिय भूमिका और निष्ठा को देखते हुए उन्हें भाजपा काशीपुर जिला क्षेत्र का सह प्रभारी नियुक्त किया है। संगठन की ओर से जो दायित्व चुघ को सौंपा गया है उसके पीछे उनकी बेहतर छवि और कार्यकरने की लगन, कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर तालमेल सहित उनके पिछले तमाम कार्यों को देखा जा रहा है, साथ ही आगामी चुनावों के मद्देनजर भी उनको यह दायित्व सौंपा गया है। बता दें कि वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ पूरे तराई में एक वरिष्ठ समाजसेवी के रूप में भी अपनी पहचान रखते हैं। पार्टी संगठन द्वारा सौंपी जिम्मेदारी के साथ ही वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने भी काशीपुर क्षेत्र में अपनी गतिविधियों को तेज करते हुए कार्यकर्ताओं के साथ बैठकों का सिलसिला आरंभ कर दिया है। वहीं दूसरी ओर चुग की इस ताजपोशी पर उन्होंने दुष्यंत गौतम राष्ट्रीय महामंत्री व उत्तराखंड प्रभारी रेखा वर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व उत्तराखंड सह प्रभारी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और प्रदेशमहामंत्री संगठन अजेय कुमार से मिलकर उनका आभार व्यक्त किया। बता दें कि भारत भूषण चुघ भारतीय जनता पार्टी के एक मजबूत सिपाही हैं और छात्र जीवन से ही वह जुड़े हैं, भाजपा युवा मोर्चा में भी वह विभिन्न पदों पर रहे हैं, इसके साथ ही तराई के एक वरिष्ठ समाजसेवी के रूप में भी उनकी अलग पहचान है, खेल के क्षेत्र में भी वह पूरी तरह से सक्रिय रहते हुए विभिन्न खेल संगठनों से जुड़े हैं और क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में सदैव सक्रिय रहते हैं। सामाजिक कार्यों में भी भारत भूषण चुघ अग्रिम पंक्ति में देखे जा सकते हैं।

# अशोक हुड़िया बने गल्ला मंडी एसोसिएशन गदरपुर के अध्यक्ष

गदरपुर। गल्ला मंडी एसोसिएशन गदरपुर के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी इस बार अशोक हुड़िया को सौंपी गई है। अशोक हुड़िया परिचय के मोहताज नहीं हैं। वे भारतीय जनता पार्टी के पुराने कार्यकर्ता हैं और पिछले तीन वर्षों से प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। अशोक हुड़िया का गदरपुर की नवीन मंडी के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वर्ष 2003 में मंडी निर्माण की प्रक्रिया में उनके प्रयासों से ही नगर में लगने वाले दैनिक जाम से मुक्ति मिली। अध्यक्ष चुने जाने के बाद अशोक गुड़िया ने कहा कि गल्ला मंडी की जितनी भी समस्याएं हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मंडी में रुके हुए सभी कार्य जल्द पूरे किए जाएंगे और व्यापारी वर्ग के सहयोग से गदरपुर की मंडी को और बेहतर स्वरूप दिया जाएगा। इस अवसर पर नगर के सभी सम्मानित नागरिकों एवं गल्ला मंडी एसोसिएशन के सदस्यों ने अशोक हुड़िया को अध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।






# एक ही सड़क के लिए भाजपा ने तीन बार फोड़े नारियल: महाजन

गदरपुर। गदरपुर-मटकोटा मार्ग के पुनर्निर्माण कार्य का मुख्यमंत्री द्वारा वर्चुअल उद्घाटन से पूर्व कांग्रेसियों ने प्रेसवार्ता की। गदरपुर के पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ने कहा कि मार्ग के निर्माण कार्य का उद्घाटन विधायक अरविंद पांडे, सांसद अजय भट्ट और अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया। उन्होंने कहा कि एक ही सड़क के लिए भाजपा के विधायक समेत तीन जनप्रतिनिधि नारियल फोड़ चुके हैं। पूर्व विधायक महाजन ने कहा कि हम सड़क का निर्माण चाहते हैं, लेकिन सड़क निर्माण का कार्य शुरू करने से पहले इसका चौड़ीकरण होना जरूरी है। गदरपुर से हल्द्वानी मार्ग तक सिडकुल के तमाम भारी वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। इस रोड पर कई स्कूल हैं। कई सड़क दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। इससे करीब 50 से अधिक लोग जान गंवा चुके हैं। प्रदेश सरकार से मांग करते हैं कि जान गंवाने वाले परिवारों के आश्रितों की आर्थिक मदद की जाए। दूसरा सड़क का चौड़ीकरण हो, भले कुछ मकान आदि इसकी जद में आ जाते हैं तो उनको मुआवजा देकर हटाया जाए। इस मौके पर कांग्रेस महिला प्रदेश मंत्री ममता हालदार, तारक बाछाड़, नारायण हालदार, आशुतोष राय आदि मौजूद रहे।

# गवर्नमेंट पेंशनर्स की बैठक 28 को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाईजेशन की एक बैठक आगामी 28 सितम्बर को नगर निगम सभागार में आयोजित की रही है। यह जानकारी देते हुए अध्यक्ष बीएल शाह व महामंत्री एसके नैयर ने बताया कि प्रातः 11 बजे से शुरू होने वाली इस बैठक में अनेक मांगों पर विस्तार से चर्चा की जायेगी। उन्होंने संगठन के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों से आयोजित बैठक में प्रतिभाग करने की अपील की।

